

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 279

ग्वालियर, शुक्रवार, 3 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### तेज हवा से समुद्र में 15 नौकाएं डूबीं, 8-10 मछुआरे लापता

**अहमदाबाद।** गुजरात में जिस प्रकार मौसम अचानक बदला उसे देखते हुए राज्य में फिर एक बार चक्रवात का खतरा मंडराने लगा है। राज्य के तटीय क्षेत्र में जवाद चक्रवात ने लोगों को परेशानी बढ़ा दी है। वहीं गिर सोमनाथ के नए बंदरगाह के निकट समुद्र मं 15 जितनी बोट डूबी होन की खबर है। तज हवा के कारण समुद्र मं नोकाओं के डूबन स 8 स 10 जितन मछुआर लापता हैं। दर रात गिर सोमनाथ मं चक्रवात जैसी स्थिति के बीच नौकाओं के समुद्र मं डूबन की आशंका है। बता दं कि अचानक बदल मौसम के चलत पहल ही मछुआरों को समुद्र मं नहीं जान के चतावनी दी गई थी। इसके बावजूद कुछ मछुआर चतावनी को नजरअंदाज कर समुद्र मं मच्छीमारी करन गए थे। समुद्र मं तज हवा चलन स 15 नौकाएं डूब गई हैं और 8 स 10 जितन मछुआरों के लापता होन की खबर है। मछुआरों के नता किरण सोलंकी के मुताबिक पूर्व चतावनी के मुताबिक 30 नवंबर स सभी बोट बंदरगाह के निकट सभी नौकाएं लगा दी गई थीं। लकिन गत रात 12 बज के बाद अचानक तज हवा चलन की वजह स 15 जितनी बोट समुद्र मं डूब गईं। इन बोटों मं 8 स 10 जितन मछुआर सवार थ, जो फिलहाल लापता बताए जा रह हैं। लापता मछुआरों की तलाश मं समुद्र मं खास अभियान चलाया जा रहा है। चार मछुआर बच गए हैं, लकिन अन्य की तलाश मं हलीकॉप्टर की मदद लीजा रही है। मुख्यमंत्री भूपन्द्र पटल के आदश के बाद कोस्ट गार्ड के साथ संकलन कर कोस्ट गार्ड की बोट और हलीकॉप्टर की मदद स युद्धस्तर पर बचाव कार्य चल रहा है। मुख्यंत्री न मुख्य सचिव पंकज कुमार को स्थिति पर नजर रखन का आदश दिया है।

### योगी का अखिलश पर हमला, पिछली सरकारों मं दंगा और माफियागिरी यूपी पहचान बन गई

**लखनऊ।** इसस पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया इस मौके पर उन्होंन पूर्ववर्ती अखिलश सरकार पर जमकर निशाना साधा उन्होंन कहा कि अपनी हस्त कला, औद्योगिक गतिविधियों के लिए जाना जान वाला य जनपद सहारनपुर दशकों स मांग कर रहा था कि उनका अपना विश्वविद्यालय हो पिछली सरकार के पास विकास का कोई एजंडा नहीं था जहां जातिवाद, वंशवाद और परिवारवाद हावी होगा वहां विकास के लिए जगह नहीं होगी मुख्यमंत्री न कहा कि आजादी के समय जो उत्तर प्रदश दश के विकास मं अग्रणी भूमिका निभा रहा था, वह प्रदश अराजकता के चलत बिमारू राज्य मं बदल गया पिछली सरकारों मं दंगा और माफियागिरी उत्तर प्रदश पहचान बन गई थी उन्होंन कहा कि आज यह दश सुरक्षित हाथों मं हैं और विकास की नई बुलंदियों को छूता नजर आ रहा है।

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय में व्याख्यानमाला में बोले शिवराज

# जब पश्चिमी देशों में सभ्यता का सूर्य उदित नहीं हुआ था, तब हमारे यहां वेदों की ऋचाएं रची जा चुकी थीं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अत्यंत प्राचीन व महान राष्ट्र भारत का 5 हजार साल का तो ज्ञात इतिहास है। जब पश्चिमी देशों में सभ्यता का सूर्य उदित नहीं हुआ था तब हमारे यहां वेदों की ऋचाएं रच दी गई थीं। जब पश्चिम के लोग अपने शरीर को पेड़ों के पत्तों व छालों से ढकते थे तब हमारे यहां तक्षशिला, नालंदा जैसे विद्यालय थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरिद्वार में देव संस्कृति विश्वविद्यालय में आचार्य श्री राम शर्मा जी शांतिकुंज स्वर्ण जयंती वर्ष व्याख्यानमाला में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि हमें बचपन से अद्भुत संस्कार दिए जाते रहे हैं। जब हम बच्चे थे तो गांव में पंडित जी कथा करने आते थे और कहते थे- धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भाव हो, विश्व का कल्याण हो। इन पंक्तियों में क्या अद्भुत भाव है! हम प्राचीन और महान राष्ट्र के नागरिक हैं जो विश्व गुरु था। जिसने कभी कोई विचारधारा थोपी नहीं। कोई वाद, मत, पंथ थोपा नहीं। मुझे यह कहते हुए गर्व है ये वह धरती है जिसने कहा कि एकं सत विप्रा बहुधा वदंति सब एक है। विद्वान उसे अलग-अलग तरीके से कहते हैं।

### मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। दोनों के बीच देव संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर में मुलाकात हुई। इस दौरान धामी ने चौहान को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया। चौहान ने भी धामी को आदि शंकराचार्य जी का चित्र व सांची स्तूप की प्रतिकृति भेंट की।

### बाल्टिक शिक्षा एवं संस्कृति केंद्र का दौरा

इससे पहले मुख्यमंत्री ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय में स्थित बाल्टिक शिक्षा एवं संस्कृति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि गुरुवार सुबह देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में स्थित बाल्टिक शिक्षा एवं संस्कृति केंद्र पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बाल्टिक सेंटर में संरक्षित ग्रंथों, वेद, पुराणों के अनुवाद आदि,संस्कृति को सहेजने, संवारने के लिए किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। हमारी संस्कृति को जीवंत रखने किया जा रहा कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। इस पुनीत कार्य के लिए देव संस्कृति विश्वविद्यालय की पूरी टीम साधुवाद की पात्र है। इस केंद्र से बाल्टिक देशों सहित 42 राष्ट्रों के साथ संस्कृति साझेदारी की गई है। प्रशंसनीय पहल है कि जो जिन राष्ट्रों का आधार सनातन धर्म, योग, यज्ञ और हिंदू संस्कृति रही है, वह भारत के साथ जुड़कर अपनी सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित रखते हुए संस्कृत और संस्कृति की ओर लौट रहे हैं।

### भोपाल में सूदखोरों पर कसेगा शिकंजा

**भोपाल।** सूदखोरों से त्रस्त आकर राजधानी में एक परिवार के पांच लोगों ने आत्महत्या कर ली। मुख्यमंत्री द्वारा सूदखोरों पर कार्रवाई करने के निर्देश के बाद राजधानी पुलिस भी सक्रिय हुई है। पुलिस कंट्रोल रूम में इस विषय को लेकर एक बैठक हुई। इसमें शहरभर के सीएसपी और थानाप्रभारी मौजूद थे। बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों और सीएसपी को अपने-अपने क्षेत्रों के अवैध सूदखोरों की जानकारी पता करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रशासन से ऐसे साहूकारों की सूची मांगी गई है, जो पहले से पंजीबद्ध हैं। पुलिस इन लोगों के बारे में पता लगाना चाह रही है कि क्या वाकई मौजूदा समय में उनका लाइसेंस वैध है। जो लाइसेंस अवधि खत्म होने के बाद भी साहूकारी करते पाएं जाएंगे, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थानों में पहुंचने वाले ऐसे मामले पुलिस जिला प्रशासन को भेजेगी, जो पुलिस के दखल के हिसाब से अनुपयुक्त पाए जाएंगे। ऐसा इसलिए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके।

#### क्राइम ब्रांच के टीआई होंगे नोडल अधिकारी

सूदखोरी से परेशान लोगों की सुनवाई करने के लिए क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी को नोडल अफसर बनाया गया है। पुलिस ने अपील की है कि अपने आसपास रहने वाले अवैध सूदखोरों की जानकारी भी दें। क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर 7049126141 पर जानकारी दी जा सकती है। इसके अलावा सूदखोरों की शिकायत करीबी थाने में भी की जा सकती है। अवैध सूदखोरों की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, पता व मोबाइल नंबर गोपनीय रखा जाएगा।

## लालू प्रसाद यादव तबीयत ठीक होने पर एम्स से लौटे बेटी मीसा के घर

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से जुड़ी यह बड़ी खबर है। बीते कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे लालू को इलाज के लिए नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने आज उन्हें छुट्टी दे दी। लालू दिल्ली में अपनी बेटी मीसा भारती के आवास पर लौट आए हैं। फिलहाल वे दिल्ली में रहकर अपना इलाज कराते रहेंगे। विदित हो कि पटना से दिल्ली जाने के अगले दिन शुक्रवार को लालू प्रसाद यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गयी थी। इसके बाद उन्हें दिल्ली एम्स के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया था। लालू को तेज बुखार के साथ चक्कर आ रहा था। उनका ऑक्सीजन लेवल भी गिर रहा था तथा सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। अस्पताल में आरजेडी सुप्रीमो की तबीयत में लगातार सुधार होता रहा। इसके आद गुरुवार को उन्हें अस्पताल से छुट।टी दे दी गई। विदित हो कि लालू प्रसाद यादव कई सालों से बीमार चल रहे हैं। वे चारा घोटाला के मामलों में सजा पाने के बाद फिलहाल जमानत पर हैं। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद से वे बेटी मीसा भारती के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर हैं। इस बीच बिहार विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के प्रचार के लिए वे बिहार आए थे। चुनाव में आरजेडी की हार के बाद लालू दिल्ली लौट गये। लालू एक बार फिर पटना तब आए, जब बांका कोषागार के चारा घोटाला के एक मामेल में पेशी के लिए स्पेशल कोर्ट ने उन्हें तलब किया। हालांकि, बीमारी को देखते हुए कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी।

## गुलाम नबी आजाद ने कर दी 2024 चुनाव में कांग्रेस की हार की भविष्यवाणी

**जम्मू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने 2024 लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत की संभावना को खारिज कर दिया है। आजाद ने कहा



है कि उन्हें वह स्थिति नहीं दिख रही जिसमें कांग्रेस 300 लोकसभा सांसदों के साथ केंद्र में अगली सरकार बना ले। बता दें कि आजाद उन 23 नेताओं के समूह में भी शामिल थे जिन्होंने बीते बरस पार्टी चीफ सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर कांग्रेस में व्यापक स्तर पर सुधार किए जाने की मांग रखी थी। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बुधवार को एक रैली को संबोधित करते हुए आजाद ने कहा, अल्लाह करें 2024 में कांग्रेस पार्टी को 300 सीटें आएं लेकिन मुझे अभी तो ऐसा नहीं दिख रहा। बता दें कि आजाद पुंछ में पार्टी कन्वेंशन को संबोधित कर रहे थे, जहां अनुच्छेद 370 हटाया जाना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा है। आजाद ने कहा, संसद में तीन साल से अकेला मैं ही अनुच्छेद 370 पर बात कर रहा हूं और तो किसी ने की नहीं लेकिन जब मामला कोर्ट में है तो मैं लोगों को खुश करने के लिए, जो अभी हमारे हाथ में नहीं है उस बारे में नहीं बोलता। मैं ये नहीं कहूंगा कि अभी मैं तारे तोड़ लाऊंगा, चांद को जमीन पर उतारूंगा..क्योंकि यह मुमकिन नहीं है। इसलिए मैं 370 को लेकर भी कुछ नहीं कहूंगा। आजाद ने आगे कहा, सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही अनुच्छेद 370 पर फैसला ले सकती है। उसके अलावा सत्ताधारी सरकार कुछ कर सकती है। मौजूदा सरकार ने तो इसे वापस ले लिया, तो वह इसे कैसे लाएगी। मैं ये वादा नहीं कर सकता कि 2024 में मेरे 300 सांसद कांग्रेस पार्टी के होंगे तो मैं इसको लाऊंगा। अल्लाह करे पार्टी को 300 सीटें आएं लेकिन मुझे अभी तो ऐसा नहीं दिख रहा।






## धर्मनगरी चित्रकूट में 15 दिसंबर को 'हिन्दू एकता महाकुंभ' का आयोजन




### आरएसएस प्रमुख और बॉलीवुड से जुड़ी हस्तियां होगी शामिल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की धर्मनगरी चित्रकूट में 15 दिसंबर को 'हिन्दू एकता महाकुंभ' का आयोजन होने जा रहा है।कार्यक्रम में देशभर के कई साधु संतों के अलावा आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल होने वाले हैं। जानकारी मिली है,कि इसमें मुख्य अतिथि संघ प्रमुख मोहन भागवत हो सकते है। आयोजन की खास बात यह होगी कि इसमें साधु-संतों, राजनेताओं सहित कुछ बॉलीवुड से जुड़ी हस्तियां भी शामिल रहेंगी। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी भी आरएसएस के एजेंडे को धार देने की कोशिश करेगी। दरअसल चित्रकूट में पद्म विभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य की अध्यक्षता में आगामी 15 दिसंबर को हिंदू एकता महाकुंभ का आयोजन होगा। इसमें लव जिहाद, जनसंख्या नियंत्रण कानून सहित हिन्दुत्व की रक्षा से जुड़े 12 मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ प्रमुख मोहन भागवत होने वाले हैं। इस आयोजन में धर्म-अध्यात्म के साथ ही राजनीति और बॉलीवुड से जुड़ी अनेक हस्तियां भी शिरकत करेंगी। जानकारी ये भी मिली है कि इस कार्यक्रम के लिए श्रीराम तपोभूमि में भारत देश के कई कोनों से करीब 5 लाख हिंदू जुटने वाले हैं। बता दें कि चित्रकूट में हिन्दू महाकुंभ का आयोजन तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य कर रहे हैं।







## न्यूज़ ट्रैक....

### भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा तय समय पर होगाः गांगुली



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा तय समय पर ही होगा। भारतीय टीम को अपने इस दौरे में तीन टेस?ट और इतने ही एकदिवसीय मैचों के अलावा चार टी20 मैच भी खेलने हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नये वैरिएंट ओमिक्रॉन के मिलने के बाद इस दौरे को लेकर आशंकाएं भी पैदा हो गयी हैं। साथ ही यह सवाल भी उठने लगा है कि यह दौरा होगा या नहीं। वहीं अब बीसीसीआई अध?यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका का यह दौरा तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। साथ ही कहा कि कोविड-19 के नए वैरिएंट के बाद बने हालातों पर भी नजर रखी जा रही है। गांगुली ने कहा कि अब तक की स्थिति के अनुसार दौरा होगा क्योंकि अभी हमारे पास फैसला लेने किए कुछ समय है। भारतीय टीम अपने कार्यक्रम के अनुसार 8 या 9 दिसंबर को चार्टर्ड फ्लाइट से जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होगी। गांगुली ने कहा कि खिलाड़ियों की सेहत और सुरक्षा बोर्ड की पहली प्राथमिकता रही है। हम देखेंगे कि आगामी दिनों में क्या बदलाव होते हैं। उसी के अनुसार आगे का निर्णय होगा। वहीं दसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय का कहना है कि टीम इंडिया जब इस सीरीज के यहां पहुंचेगी तो उसके लिए पूर्ण जैव सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) तैयार रहेगा। भारतीय टीम को अपना पहला टेस्ट मैच 17 दिसंबर से खेलना है।

### सिंधु और श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे



**बाली।** भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया में आज से शुरू हुए बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल 2021 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। सिंधु और श्रीकांत में जीत के साथ शुरुआत की। सिंधु ने जहां महिला एकल के अपने पहले ग्रुप चरण मैच में डेनमार्क की लिन क्रिस्टोफरसन को 21-14, 21-16 से हराया। वहीं श्रीकांत ने पुरुष एकल के ग्रुप बी के अपने पहले मैच में फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव को 21-14, 21-16 से पराजित किया। श्रीकांत का मुकाबला अब गुरुवार को कुनलावुत विटिडसर्न से होगा, जबकि सिंधु यवोन ली से खेलेंगी। वहीं भारत की ही अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी महिला युगल ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ही हार गयी।

एकल खिताब विजेता संजय व रेवती भी अटके

# इन्दौर के प्रियांश सहित देश चार बैड़मिंटन खिलाड़ी बोत्सवाना में फंसे, भारत लाने की गुहार

**इन्दौर।** बोत्सवाना के लोबात्से में 25 से 28 नवम्बर तक हुई बोत्सवाना इंटरनेशनल फ्युचर सीरीज बैड़मिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने गए इन्दौर के प्रियांश खुशवानी सहित भारत के चार बैड़मिंटन ख?िलाड़ी हवाई सेवा? रद्द होने से बोत्सवाना में ही फंस गये है। इस स्पर्धा में भारत के संजय अमन व रेवती देवस्थले ने क्रमश- पुरूष व महिला एकल ख?िताब जीते है। जबकि इन्दौर के प्रियांश खुशवानी पुरूष एकल सेमीफायनल तक खेले है। इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन ने केंद्र सरकार, केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, क्षेत्रीय सांसद शंकर लालवानी,भारतीय बैडमिंटन संगठन आदि से इन ख?िलाड़?ियों को स्वदेश लाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है।



इन्दौर जिला बैड़मिंटन संगठन के सचिव आर.पी.सिंह नैयर और सह सचिव धर्मेश यशलहा ने ईएमएस को बताया कि इन्दौर जिला सीनियर विजेता खिलाड़ी प्रियांश खुशवानी पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बैड़मिंटन स्पर्धा खेलने गया है। बोत्सवाना के लोबात्से में 25 से 28 नवम्बर तक हुई बोत्सवाना इंटरनेशनल फ्युचर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रियांश खुशवानी पुरुष एकल के सेमीफाइनल तक खेला, भारत के ही एफ. संजय अमन ने प्रियांश खुशवानी को सेमीफाइनल में 21-18, 23-21 से श?िकस्त दी। छठवें क्रम के अमन ने भारत के ही नरेश शंकर अय्यर को फाइनल में 25-23, 19-21, 23-21 से हराकर पुरुष एकल खिताब जीता, भारत की ही रेवती देवस्थले ने प्रथम क्रम प्राप्त दक्षिण अफ्रीका की जोहानिता स्चोल्टज को 18-21, 21-13, 21-13 से हराकर महिला एकल खिताब जीता है। इन चारों खिलाड़ियों को 28 नवम्बर शाम की हवाई सेवा से भारत लौटना था लेकिन कतर एयरवेज की विमान सेवा आखिरी क्षणों में रद्द हो गई, फिर 30 नवम्बर की उडान से टिकट आरक्षित किया लेकिन वह भी रद्द हो गई है। अफ्रीका में कोरोना के नए वेरिएंट की वजह से अब 7 दिसम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवाएं स्थगित कर दी गई है।

## बीसीसीआई को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए सरकार की अनुमति का है इंतजार

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को अभी तक दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए केन्द्र सरकार से मंजूरी नहीं मिली है। इसी कारण टीम का चयन भी नहीं हो पा रहा है। भारतीय टीम को 8 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होना है। वहीं कोविड -19 वायरस के नये संस्करण ओमिक्रॉन वेरिएंट के उभरने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 'जोखिम वाले देश' के रूप में रखा गया है। इसी कारण इस दौरे को लेकर भारत सरकार से अनुमति जरुरी है। जब तक सरकार की ओर से हरी झंडी नहीं मिलती टीम रवाना नहीं होगी। अब अगर सरकार से मंजूरी मिल जाती है, तो चयनकर्ता मुंबई में दूसरे टेस्ट के दौरान मिलेंगे। अभी कुछ दिन पहले ही केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे को हरी झंडी देने से पहले बीसीसीआई को भारत सरकार से अनुमति लेनी चाहिए। उन्होंने कहा था, ऐसे समय में हर बोर्ड चाहे वह बीसीसीआई हो या कोई और, भारत सरकार से अनुमति लेनी चाहिए। बीसीसीआई के आवेदन मिलने पर ही सरकार कोई फैसला करेगी। वहीं बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और अन्य अधिकारियों को अब भी भरोसा है कि दौरा तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। गांगुली ने मंगलवार को कहा कि भारत का दौरा तय समय पर है और वे नए कोविड-19 वेरिएंट के आने के बाद स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, दौरा जारी है, क्योंकि चीजें अब तक स्थिर हैं। हमारे पास अभी भी फैसला करने का समय है। पहला टेस्ट 17 दिसंबर से होना है। हम इस पर विचार करेंगे।





अल खोर में फीफा अरब विश्वकप फुटबॉल में खेलते हुए कतर के असिम मदिबो और मेहदी अलहूमेदान।

# सनराइजर्स हैदराबाद के साथ खत्म हुआ डेविड वॉर्नर का सफर

**मुंबई।** आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन से सनराइजर्स हैदराबाद(एसआरएच) ने अपनी टीम के रिटेन खिलाड़ियों की सूची जारी की।लिस्ट में डेविड वॉर्नर का नाम शामिल नहीं है, जिसकी पहले आंशका व्यक्त की जा रही हैं, उन्हें एसआरएच ने रिलीज कर दिया है। मंगलवार को आईपीएल की मौजूदा 8 टीमों ने अपने रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की। 27 प्लेयरों को रिटेन किया गया है।इसमें 8 विदेशी हैं और 4 अनकैप्ड भारतीय हैं। हैदराबाद ने केन विलियमसन (14 करोड़ रुपये), उमरान मलिक (4 करोड़ रुपये), अब्दुल समद (4 करोड़ रुपये) में रिटेन किया है। ऐसी उम्मीद थी कि राशिद खान को रिटेन किया जाएगा। एसआरएच के सबसे सफल बल्लेबाज वॉर्नर ने फैंस को शुक्रिया अदा करने के लिए ट्वीट किया। वॉर्नर ने ट्वीट कर लिखा,% चैप्टर समाप्त। सनराइजर्स हैदराबाद, सनराइजर्स फैंस के सभी फैंस का इनते सालों से सपोर्ट के लिए शुक्रिया। ये बहुत सराहनीय था। वॉर्नर को आईपीएल 2014 में सनराइजर्स से खरीदा था। इसके अगले साल उन्हें कप्तान बना दिया गया। साल 2016 में आरसीबी को हराकर उनकी अगुवाई में एसआरएच ने दूसरी ट्रॉफी जीती।




सनराइजर्स हैदराबाद के लिए वॉर्नर ने 95 पारियों में 49.56 की शानदार औसत से 4014 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 142.59 रहा।वहां तीन बार ऑरेंज कैप जीतने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। आईपीएल 2021 में उनसे कप्तानी छीन कर केन विलियमसन को दे दी गई। विलियमसन को आईपीएल 2022 के लिए 11 करोड़ का फायदा हुआ है। आईपीएल 2021 में उन्हें तीन करोड़ रुपये मिले थे।

## व्यापारन्यूज

### टीवीएस मोटर की बिक्री नवंबर में 15 प्रतिशत घटी




**मुंबई।** टीवीएस मोटर कंपनी की नवंबर 2021 में कुल बिक्री 15 प्रतिशत गिरकर 2,72,693 इकाई रही।कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। चेन्नई की कंपनी ने कहा कि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 3,22,709 इकाइयां बेची थीं। पिछले महीने उसकी दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 2,57,863 इकाई रही, जो नवंबर 2020 में 3,11,519 इकाई थी। इस तरह इसमें 17 प्रतिशत की गिरावट देखी। नवंबर 2021 में कंपनी की घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 1,75,940 इकाई रही, जो पिछले साल के इसी महीने में 2,47,789 इकाई थी। इस तरह इसमें 29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। नवंबर 2021 में कंपनी के मोटरसाइकिलों की बिक्री 1,40,097 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 1,33,531 इकाई थी।कंपनी ने कहा कि नवंबर 2020 में 1,06,196 इकाइयों की तुलना में नवंबर 2021 में स्कूटर की बिक्री 75,022 इकाई रही।

### जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित निवेश हो सकता है 51 हजार करोड़ के पार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के आ?खिरी तक केंद्र शासित क्षेत्र में प्रस्तावित निवेश के 51,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भूमि उपयोग में बदलाव को नियंत्रित करने वाले नियम लेकर आ रही है ताकि निजी जमीन पर कारोबारी उद्यमों की स्थापना में आसानी हो। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में निवेश की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए औद्योगिक विकास योजना परिव्यय को बढ़ाया जा रहा है।

### अनार उत्पादकों के संगठन ने फलों की पैकेजिंग और ग्रेडिंग के लिए जमीन मांगी

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में अनार उत्पादकों के संगठन ने जालना जिले में निर्माणाधीन शुष्क बंदरगाह के पास अपने फलों की पैकेजिंग और ग्रेडिंग के लिए जमीन मांगी है। अखिल महाराष्ट्र दलिंब उत्पादक संशोधन संघ के सचिव ने कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने हाल में लातूर में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को रखा था। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र देश में अनार का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है और यहां इसके लिए लगभग एक लाख हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जा रहा है।

# आकर्षक फीचर और डुअल कैमरे के साथ रेडमी नोट 11टी भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** मशहूर चीनी मोबाइल कंपनी रेडमी नोट 11 के तीन आकर्षक मॉडल्स बाजार में लॉन्च किए गए हैं। भारत में सिर्फ बेस मॉडल ही पेश किया गया है। हालांकि यहां कंपनी ने रेडमी नोट 11में टी ऐड कर दिया है। रेडमी नोट सीरीज को आम तौर पर कम कीमत पर ज्यादा वैल्यू के लिए माना जाता रहा है, लेकिन रेडमी नोट 11टी की कीमत दूसरे नोट के बेस वेरिएंट के मुकाबले काफी ज्यादा है। रेडमी नोट 11टी के तीन वेरिएंट भारत में लॉन्च किए गए हैं। 6जीबी रैम 64जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 16,999 रुपये है, 6जीबी रैम 128जीबी स्टोरेज की कीमत 17,999 रुपये है, जबकि 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 19,999 रुपये है। रेडमी नोट 11टी 5जी के ब्लू, ब्लैक और व्हाइट कलर में लॉन्च किया गया है। इसकी बिक्री 7 दिसंबर से शुरू होगी। ये स्मार्टफोन एमेजान इंडिया सहित शाओमी की वेबसाइट और रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। रेडमी नोट 11टी लॉन्च ऑफर के तौर पर आप 1,000 रुपये का डिस्काउंट पा सकते हैं। इसके लिए आपके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड होना चाहिए। रेडमी नोट 11टी में 6.6 इंच की फुल एचडी प्लस डिस्प्ले दी गई है। ऐस्पेक्ट रेश्यो 20~9 का है और इसमें 90एचजेड रिफ्रेश रेट सपोर्ट दिया गया है। रेडमी नोट 11टी में मीडियाटेक डिमीनेस्टी 810 चिपसेट दिया गया है। इसमें रैम बूस्टर फीचर भी है जिसे कंपनियां वर्चुअल रैम के तौर पर भी देती हैं। रेडमी नोट 11टी में डुअल रियर कैमरे दिए गए हैं। प्राइमरी लेंस 50 मेगापिक्सल का है, दूसरा 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड लेंस है। सेल्फी के लिए इस स्मार्टफोन में 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। रेडमी नोट 11टी में माइक्रो एसडी कार्ड सपोर्ट दिया गया है। इसमें हेडफोन जैक भी है और साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है। फोन में 5जी सहित दूसरे स्टैंडर्ड कनेक्टिविटी फीचर्स दिए गए हैं। रेडमी नोट 11टी में 5,000एमएएच की बैटरी दी गई है और इसके साथ 33वोल्ट प्रो फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है। कंपनी का दावा है कि इसे फुल चार्ज करके दो दिन तक चलाया जा सकता है।



## दुबई एक्सपो में भारत का पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

**दुबई।** पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ सजावटी और अन्य घरेलू सामानों का उत्पादन करने वाली स्टार्टअप बिया की युवा संस्थापक इंडिया पवेलियन के 'इंडिया इनोवेशन हब' में अपनी खुशी को छिपा नहीं पा रही हैं। उनके काम को दुबई एक्सपो में काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। प्रवेश द्वारा लगी लंबी कतारों से पता चलता है कि एक्सपो-2020 में भारतीय पवेलियन के प्रति काफी उत्साह मिल रहा है। कंपनी के दो संस्थापकों में से पूजा सिंह कहती हैं कि इंस्टाग्राम पर केवल चार घंटों में उनके 100 ग्राहक और 50 से अधिक फॉलोअर्स हो गए हैं। उनकी कारोबारी भागीदार प्रतीशा मलिक भी इस बात से सहमति जाहिर की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने और भारतीय यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन) की संख्या में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का लगातार जिक्र करते रहे हैं।इसमें भारत ने दुबई एक्सपो में अपने मंडप में बड़ी संख्या में नए उद्यमों को जगह देने का प्रयास किया है। दुबई एक्सपो का आयोजन अक्टूबर-मार्च के दौरान होता है। पवेलियन के संचालकों का कहना है कि अब तक 84 इसतरह के स्टार्टअप को जगह दी गई है और एक्सपो खत्म होने तक उनकी संख्या 500 तक जा सकती है। हालांकि, स्टार्टअप इस विशाल स्थल में भारत के पवेलियन में लगाए गए बहुआयामी प्रदर्शन का सिर्फ एक पहलू हैं। इसके अलावा कई अन्य भागीदार भी हैं, जिनमें एमिरेट्स जैसी बड़ी कंपनियां और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन शामिल हैं। भारतीय पवेलियन में योग और देश की विविध संस्कृति को भी दर्शाया गया है। साथ ही इसमें भारत को अवसरों की जमीन के रूप में भी पेश किया गया है। चूंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत के हमेशा से गर्मजोशी वाले रिश्ते रहे हैं, ऐसे में पवेलियन का एक हिस्सा दोनों की दोस्ती के लिए 'समर्पित' किया गया है।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद



**मुम्बई ।** मुम्बई शेयर बाजार में बुधवार को तेजी आई है। दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 619.92 करीब 1.09 फीसदी बढ़कर 57,684.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 183.70 अंक तकरीबन 1.08 फीसदी की बढ़त के साथ ही 17,166.90 अंक पर बंद हुआ। इसी के साथ ही बाजार में पिछले दिनों से जारी गिरावट भी रुक गयी। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा करीब छह फीसदी की तेजी इंडसइंड बैंक के शेयरों में रही। इसके अलावा, एक्सिस बैंक, एसबीआई, मारुति, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर डॉ. रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, भारती एयरटेल और टाइटन के शेयर गिरे हैं। जानकारों के अनुसार फरवरी के बाद से उत्पादन और बिक्री में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है।

# नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.31 लाख करोड़ के पार




**नई दिल्ली।** आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने के साथ ही जीएसटी राजस्व संग्रह में भी तेजी का रूख बना हुआ है। इस वर्ष नवंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 131526 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। जुलाई 2017 में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के लागू होने के बाद नवंबर में संग्रहित जीएसटी राजस्व इस वर्ष अप्रैल के संग्रहित 1.40 लाख करोड़ रुपए के राजस्व के बाद दूसरा सबसे अधिक मासिक राजस्व है। अक्टूबर 2021 में 130127 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व जमा हुआ था और नंवबर ऐसा लगातार दूसरा महीना रहा जबकि जीएसटी राजस्व संग्रह 1.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इस वर्ष सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.17 लाख करोड़ रुपए रहा था। नवंबर 2021 में संग्रहित राशि पिछले वर्ष इसी महीने में संग्रहित राजस्व 104963 करोड़ रुपए से 25 फीसदी अधिक है। कोरोना की दूसरी लहर की वजह से लगाए गए कठोर लॉकडाउन के कारण इस वर्ष जून में जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख करोड़ रुपए से कम रहा था। इससे पहले लगातार नौ महीनों तक यह एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। अब फिर जुलाई, अगस्त , सितंबर और अक्टूबर के साथ ही नवंबर में भी यह एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इस वर्ष नवंबर में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 131526 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीएसटी 23978 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 31127 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 66815 करोड़ रुपए और क्षतिपूर्ति उपकर 9606 करोड़ रुपए रहा है। आईजीएसटी में आयात पर जीएसटी 32165 करोड़ रुपए और क्षतिपूर्ति उपकर में आयात पर जीएसटी 653 करोड़ रुपए शामिल है। सरकार ने सीजीएसटी में 27273 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 22665 करोड़ रुपए दिया है। इस नियमित वितरण के बाद अक्टूबर में सीजीएसटी 51251 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 53782 करोड़ रुपए रहा है।

# दंदरौआ धाम में भागवत कथा के बाद हुआ विशाल भण्डारे का आयोजन





## सात दिवस तक कथा श्रवण के उपरांत लाखों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

भिण्ड। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में गुरु महाराज 1008 पुरुषोत्तमदास की पुण्य स्मृति में 25वां वार्षिक महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान के समापन उपरांत गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सात दिवस तक चली श्रीमद्भागवत कथा का वाचन पं.रमाकान्त व्यास ने किया। कथा आयोजन में यज्ञाचार्य पं. रामस्वरूप शास्त्री ने यज्ञ आदि कराकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। मुख्य यजमान एवं कथा पारीक्षत भगवत दयाल भारद्वाज थे तथा आयोजन की व्यवस्था वृंदावन धाम के महंत श्रीश्री 1008 राधिकादास महाराज ने संभाली। कथा समापन उपरांत गुरुवार को दंदरौआ धाम परिसर में कथा के मुख्य यजमान एवं कथा पारीक्षत भगवत दयाल भारद्वाज द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन कराया गया। जिसमें 100 क्विंटल दूध की खीर, 100 क्विंटल आलू, 100 क्विंटल आटे के मालपुआ बनवाए गए। इस अवसर पर आचार्य पं. रामस्वरूप शास्त्री, श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज, जयभानसिंह पवैया, डॉ.भारतसिंह, राधिकादास महाराज वृंदावनधाम, कालिदास महाराज की विशेष मौजूदगी रही।

## सीएम हैल्पलाईन में का समय-सीमा में करें समस्त अधिकारीगण : कलेक्टर

### आपकी सरकार आपके साथ'' अभियान के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाऐ जाऐ



### साप्ताहिक समय-सीमा पत्रो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के अंतर्गत विभागों को दिये गये लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण किये जाएं। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में किया जाये। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने पीएम स्वनिधि, सीएम स्वनिधि, स्वरोजगार योजना, स्ट्रीट वेंडर में प्रगति कम रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी नगरीय निकायों के सीएमओ से एक एक कर जानकारी ली और सक्रिय होकर काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ''आपकी सरकार आपके साथ'' अभियान के अंतर्गत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत वार एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड वार शिविरों का आयोजन करने निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि अंकुर अभियान के तहत पौधारोपण कर जिले में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन वायुदूत एप पर कराये जाएं। इस हेतु शिक्षा विभाग एवं जनअभियान परिषद वायुदूत एप पर रजिस्ट्रेशन कराने में सहयोग करें। पंचायतवार एवं वार्डवार वृहद पौधरोपण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा के लंबित पत्रों, आयुष्मान कार्ड, राशन वितरण, मिलावट से मुक्ति अभियान, कोरोना टेस्टिंग, फर्टीलाईजर्स की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय एड्स विषय पर संगोष्ठी एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



भिण्ड । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया की अध्यक्षता में एडीआर भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल जिला न्यायालय परिसर भिण्ड में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर भिण्ड जिले में एड्स के संबंध में कार्य कर रही संस्था सर्वोदय विंध्य विकास समिति के सहयोग से संगोष्ठी कार्यक्रम एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला भिण्ड देवेश शर्मा के द्वारा एड्स पर जानकारी देते हुए यह व्यक्त किया गया कि एड्स की जानकारी ही इसका बचाव है। इस अवसर पर पैरालीगल वालेंटियर्स भी उपस्थित रहे। उक्त जागरूकता कार्यक्रम के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड से ओर से एड्स विषय पर आमजन को जागरूक किये जाने हेतु पूर्व से नियुक्त समन्वयक शैलेन्द्र सिंह परमार के द्वारा भी एड्स बीमारी के संबंध में एवं उसके बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दिये जाने के साथ ही बताया गया कि उनके द्वारा एड्स विषय पर भिण्ड जिले में कार्य रही संस्था सर्वोदय विंध्य विकास समिति के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है साथ ही उक्त संस्था के बृजेश मुद्गल के द्वारा व्यक्त किया गया कि एड्स विषय पर चलाये जा रहे कार्यक्रम में चयनित 100 ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़, हेल्थ चैकअप आदि के माध्यम लोगों को जागरूक कर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर मनाई पिता की पुण्यतिथि



भिण्ड। माता-पिता परमात्मा का स्वरूप हैं। उनकी सेवा भगवान की सच्ची सेवा है। मां -बाप के चरणों में स्वर्ग होता है,उनकी सेवा और आशीर्वाद से हमे हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। उनका आदर-सम्मान करना हमारा पहला धर्म है। यह बात धीरज सिंह गुर्जर एनएसएस प्रभारी शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय भिंड के पूज्य पिता स्व.श्री भारत सिंह गुर्जर प्रधानाध्यापक की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर शिव प्रताप सिंह भदौरिया जिला समन्वयक जन अभियान परिषद ने कही। आगे विचार व्यक्त करते हुए भदौरिया ने कहा कि दंदरौआधाम में जन्मे सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी स्व.शिक्षक श्री गुर्जर जी ने जीवनपर्यन्त शिक्षा और समाज के विकास के लिए कार्य किया। चाइल्ड लाइन के डायरेक्टर शिवभानु सिंह राठौर ने कहा कि पिता से अच्छा गुरु और संरक्षक नही हो सकता। स्वार्थलिप्तता और विदेशी कल्चर के प्रभाव से हम अपना पुत्रधर्म,नैतिकता और मानवीय दायित्व भूलते जा रहे है, इसीलिए पारिवारिक विघटन हो रहे है,वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है। हमे पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर माता- पिता के अधूरे सपनों को पूरा कर एक सच्चे सपूत का धर्म निभाना चाहिए। कहते है-बाढ़हि पूत पिता के धर्मा,खेती उपजे अपने कर्मा। माता-पिता का आशीर्वाद ही जीवन में सुख शांति और समृद्धि प्रदान करता है। अपने पिता की पंचम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र धीरज सिंह गुर्जर सपत्नीक जामना-भिंड में संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र विमलादेवी स्पेशल विद्या मंदिर दिव्यांग छात्रों के बीच पहुंचे और उन्हें ऊनी वस्त्र, स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स आदि भेंट किए तथा मिष्ठान एवं फल वितरण कर उनके साथ बैठकर कार्यक्रम किया। इस अवसर पर उनकी धर्म पत्नी श्रीमती सुशीला देवी गुर्जर, पौत्र एवं पौत्री राघव, वेदिका, चाइल्ड लाइन कार्यकर्ता अन्नू तोमर, राघव सिंह राठौर,उमेश शर्मा, अनमोल, अजब सिंह, विशेष शिक्षिका रूबी तोमर, प्रधानाध्यापक सतेंद्र सिंह राजावत एवं एनएसएस स्वयंसेवक अभय भदौरिया तथा हर्षित यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक की कार्यप्रणाली से प्रभावित समाजसेवियों ने की स्थानांतरण रोकने की मांग

### राज्यपाल के नाम एस.डी.एम लहार को सौंपा ज्ञापन



भिण्ड। पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह का कल रात स्थानांतरण होने से लहार में समाजसेवियों को आघात पहुँचा है जिसके चलते आज दोपहर समाजसेवियों ने एस.डी.एम लहार आर.ए प्रजापति को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह ने जब से भिंड की कमान संभाली है तब से लगातार अपराधियों के धर पकड़ अभियान, मिलावटी मावा, मिलावटी दूध अबैध शराब एवं हथियार की धमकेदार कार्यबाहियों को अंजाम दिया है उन्होंने अपने कार्यकाल में कोरोना काल मे समा गए लोगो के परिजनों को ढांढस बंधाया ओर हर ब्यक्ति एवं अपनी टीम को सुरक्षित करने में हर बो कदम उठाया और खुद भी अपने परिवार से दूर रहकर जनता की सेवा करते रहे है एवम उन्होंने अपने कार्यकाल में रेतमाफियाओ की धमकेदार कार्यबाही की है जो अपने आप मे एक मिसाल है महोदय द्वारा ऑनलाइन चल रहे अमेजोन कम्पनी पर सिंकजा कर बड़ा खुलासा किया जो अपने आप मे एक बड़ी उपलब्धि है उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीब जनता के लिए खुला दरवार लगा हुआ था और बड़े ही सम्मान से उनकी बात सुनकर उनकी अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ते देखे गए है उन्होने अपने कार्यकाल में जुआ स्मैक माफियाओं पर कार्यबाही कर जेल भिजबाने की कार्यबाही को अंजाम दिया है ओर उन्होंने अपने कार्यकाल में लहार क्षेत्र में हुए बहुचर्चित अनिल अग्निहोत्री हत्या कांड का खुलासा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया और अग्निहोत्री परिवार को न्याय दिलाने में महती भूमिका निभाई जिसके लिए अग्निहोत्री परिवार ने उन्हें एवम उनकी पूरी टीम को बधाई भी प्रेषित की है ऐसे होनहार पुलिस अधीक्षक को रोकने हेतु लहार के समाजसेवी विकास बिरथरे एडवोकेट, राकेश महाते, सुभाष अग्निहोत्री, अनिल दुबे, नरेश चौधरी, संजीव चौधरी पत्रकार, मोनू पचौरी आदि समाजसेवियों ने एस.डी.एम लहार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण रोकने की गुहार लगाई है।

## भगवान को बांधने की शक्ति केवल प्रेम में ही है : पं. व्यास

### दंदरौआ धाम में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान हो रहे हैं प्रवचन



भिण्ड। श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण भगवान ने प्रेम की संज्ञा दी है जहां प्रेम के प्रति प्रेम होता है वह परस्पर प्रेम होता है लेकिन जो मां का बेटी के प्रति प्रेम होता है वह प्रेम की अखंड धारा होती है, क्योंकि जरूरी नहीं है बेटी मां से प्रेम करे लेकिन मां को बेटी से प्रेम करना ही पड़ेगा। यह उद्गार गुरु पुरुषोत्तमदास महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित हो रहे 25वे वार्षिक महोत्सव के अवसर पर कथा वाचक पं. रमाकान्त व्यास ने श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान श्री कृष्ण को यशोदा के प्रेम ने बांध लिया। भगवान को बांधने की शक्ति केवल प्रेम में है, प्रेम से ही भगवान को बांधा जा सकता है। वियोग में मनुष्य का बुढ़ापा बहुत जल्दी आता है वियोग में व्यक्ति बहुत जल्दी बूढ़ा हो जाता है क्योंकि वियोग मे उसको ना पहनने की याद रहती है ना ही भोजन की याद रहती है और संसार के सभी कार्यों को वियोग में मनुष्य भूल जाता है। जब भी संसार में आतंक होता है, तो आतंकवादी का अंत करने के लिए भगवान का अवतार होता हैं क्योंकि आतंकवादी का अंत अच्छा नहीं होता हैं। कथा पारीक्षत श्रीमती शांति देवी भगवत दयाल भारद्वाज हैं। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पं रामस्वरूप शास्त्री, मंहत राम दासजी महाराज, राधिकादास महाराज, संत समिति के महामंत्री राधे राधे महाराज, कालिदास महाराज, पूर्व चेयरमैन केपी सिंह भदौरिया, बृजमोहन शर्मा, पंडित श्याम बिहारी दुबे, सुधांशु मोहन गुबरेले सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी रंजिश के चलते युवक की मारपीट

भिण्ड। मिहोना थाना क्षेत्र के ग्राम भकोटी में भुट्टू के खेत के पास एक युवक की पुरानी रंजिश के चलते घेराबंदी करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार लल्लू सिंह पुत्र बलसिंह खेंगार निवासी भकोटी ने बताया बुधवार शाम 4 बजे पुरानी रंजिश के चलते उसी गांव निवासी भुट्टू पुत्र रघुवीर गुर्जर, नीतू पुत्र अतरसिंह गुर्जर ने उसकी मारपीट करते हुए जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्रान्तर्गत एक युवक सड़क हादसे में घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग डायरी पर से अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम 4.30 बजे पुष्पेन्द्र पुत्र हरिज्ञान नरवरिया निवासी मेहगांव ने बताया सड़क हादसे में जो व्यक्ति घायल हो गया था उसे उपचार के लिए अस्पताल मेहगांव में भर्ती कराया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

### खेत पर काम करते समय ट्यूवबैल के तार से लगा करंट से युवक की मौत

भिण्ड। उमरी थाना क्षेत्र में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक खेतों पर सिंचाई के लिए गया था, तभी करंट की चपेट में आ गया। युवक का शव पीएम हाउस भेजा गया है। उमरी पुलिस मामले की पडताल में जुटी है। पुलिस के मुताबिक उमरी थाना क्षेत्र के स्योडा गांव में रहने वाले शिवम भदौरिया पुत्र अजब सिंह भदौरिया घर से करीब पांच किलो मीटर दूर अपने खेतों पर सुबह 11 बजे पहुंचा। यहां पहुंचकर वो खेतों पर काम कर रहा थाए इसी दौरान वो खेत की सिंचाई के लिए पहुंचाए तभी वो करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक दो भाई थे। शिवम बडा था। दोपहर करीब डेढ बजे लोगों ने शिवम को करंट की चपेट में मृत अवस्था में देखा। पुलिस ने शव का पीएम कराया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

### मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर करते ही परिजन पहुंचे थाने

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र में एक रोज पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग मृत अवस्था में मिला। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की। इस जानकारी के आधार पर परिजन पुलिस थाने पहुंचे। इसके बाद पहचान हो सकी। उप निरीक्षक मनीराम नादिर के मुताबिक बुधवार की शाम बिरखडी गांव के पास एक बुजुर्ग का शव पडा होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। यहां बुजुर्ग की मौत किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने के कारण हुई थी। मृतक की शिनाख्त के लिए आस पास के गांव के लोगों को बुलाया गयाए परंतु शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुप पर जानकारी शेयर की गई। यह जानकारी के आधार पर मृतक के परिजनों को सूचना पहुंची। इसके बाद मृतक की पहचान चांदौख निवासी 70 वर्षीय थानेदार सिंह गेहलोत के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि थानेदार सिंह मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सुबह के समय घर पर थे। दोपहर पश्चात घर पर बिना बताए निकल आए।

### नेशनल लोक अदालत 11 दिसंबर को

**बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण के होंगे समझौते**

भिण्ड । म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के चंबल संभाग के 16 जिलों में 11 दिसंबर (शनिवार) को कोविड-19 की गाईडलाईन का पालन करते हुए एवं स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए लगायी जाने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 दावे/आपत्तियाँ दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर

भिण्ड । आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2022 की अर्हता तिथि के मान से राज्य में फोटो में निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 का कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में दावे/आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि 05 दिसम्बर 2021 तक बढ़ाई गई है, जिससे सभी पात्र व्यक्तियों को दावे और आपत्तियां दाखिल करने हेतु अधिक समय प्राप्त हो। इस अवधि में ऐसे पात्र मतदाता जिनकी आयु 1 जनवरी, 2022 को अथवा उससे पूर्व 18 वर्ष पूर्ण हो गई है।

## देहात पुलिस ने किया अंधे कत्ल खुलासा

### आरोपी प्रेमी प्रेमिका को मय कट्टा राउंड एवं मोटरसाइकिल के साथ किया गिरफ्तार

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एव नगर पुलिस अधीक्षक आनंद राय के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रामबाबू सिंह यादव के नेतृत्व में ग्राम विजपुरी में राघवेंद्र सिंह भदोरिया को बंद मकान से गांव के ही मिट्ठू और अजय सिंह भदोरिया की लाश मिलने की सूचना पर 20 अगस्त 2021 को मर्ग क्रमांक 80/21 कायम कर जांच में लिया गया। मृतक मिट्ठू उर्फ अजय का शव करीब 5 दिन पुराना होने से क्षत-विक्षत हो गया था। इस दौरान शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें मृतक की गोली लगने से गोली लगने से हत्या होना पाई गई। जिस पर देहात थाना पुलिस द्वारा 24 अगस्त 2021 को अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 544/ 21 धारा 302, 201, 34 भादवि का कायम किया। मौका स्थल पर पहुंचकर विवेचना में लिया गया। मामला पंचीदा एवं गंभीर होने प्रकरण की विवेचना स्वयं थाना प्रभारी निरीक्षक रामबाबू सिंह यादव द्वारा की गई।। जिसमे अज्ञात आरोपियों के संबंध में विवेचना के दौरान हत्या प्रेम प्रसंग के कारण होना बताया गया। जिसकी घटना की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास एवं गांव बिजपुरी से मिली सूचनाओं की जानकारी मुख्य सूक्ष्म रूप से की गई और आरोपियों को संदेही मानकर तलाश की गई। उसी तारतम्य में बीते 30 नवम्बर को संदेही ज्योति को मुख्य सूचना के आधार पर अहमदाबाद गुजरात जाते समय बस स्टैंड भिंड से हिरासत में लेकर पूछताछ विस्तृत कथन लिया।

## पीएचसी को सी सीएचसी में उन्नयन की मांग को लेकर समाजसेवियों ने दिया ज्ञापन



गोरमी। गोरमी तहसील की जनसंख्या दो लाख से ऊपर हो गई है स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर गोरमी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर केवल एक डॉक्टर की तैनाती है गोरमी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन की मांग को लेकर स्थान समाजसेवियों ने मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री श्री ओपीएस भदौरिया को दिया ज्ञापन में मांग की गई है की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर को बढ़ाकर इसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाए एवं गोरमी सर्कल के कचनाव कला सुकाण्ड नुंहड़ एवं सिकरौदा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएं गोरमी में एक महिला चिकित्सक की पदस्थापना की जाए गोरमी अस्पताल में ब्लड बैंक एवं एक्स-रे की व्यवस्था की जाए एवं अस्पताल में कम से कम पांच चिकित्सकों एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाए स्थानीय समाजसेवी एवं अधिवक्ता अजमेर सिंह यादव ने ज्ञापन देते हुए कहा कि इस प्रकार के ज्ञापन हम स्थानीय राज्य मंत्री मध्य प्रदेश सरकार ओ पी एस भदौरिया के अलावा स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी को भी भेजेंगे अगर हम लोगों की मांगों को नहीं माना गया तो हम लोगों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा ज्ञापन देने वालों में समाजसेवी अजमेर सिंह यादव मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक निर्मल आर्य अरविंद थापक सोनू भदौरिया सुरेश श्रीवास जवाहर सिंह महेश शर्मा आनंद जैन सुरेश भटेले रजन भदोरिया सुभाष नरवरिया मोनू शर्मा आदि शामिल थे।

## ओमिक्रॉन का खतरा

कोरोना महामारी से उबर कर जैसे-तैसे दुनिया फिर से खड़ी होने की कोशिश में लगी थी कि ओमिक्रॉन जैसे खतरनाक वैरिएंट ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है। यह वैरिएंट अब तक 13 से ज्यादा देशों में पहुंच बना चुका है और प्रतिबंधों का दौर शुरू हो चुका है। हर छोटा-बड़ा देश महामारी से खुद को बचाए रखने की जद्दोजहद में लगा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। हालांकि, अब तक ओमिक्रॉन के केस नहीं मिले हैं, फिर भी पूर्व से सबक लेते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों को अलर्ट किया है। राज्य भी वैरिएंट को रोकने में जुट गए हैं। 29 नवंबर को केंद्र सरकार की तरफ से राज्यों को अलर्ट जारी करने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों के साथ इस नए वैरिएंट से बचाव के लिए मंथन किया। इस बैठक में उन्होंने सभी राज्यों को छह सूत्रीय उपाय बताए। उन्होंने इस बैठक में कहा कि अगर राज्य इन उपायों को अपनाता है तो ओमिक्रॉन वैरिएंट के बारे में जल्द से जल्द पता चल सकेगा और इससे निपटने में आसानी होगी। केंद्र ने राज्यों से कंटेनमेंट जोन तैयार करने के लिए कहा है। राज्यों में हर स्तर पर निगरानी बढ़ाने के लिए कहा है। हॉटस्पॉट की निगरानी बढ़ाने के लिए भी कहा गया। पिछले करीब दो साल के दौरान कोरोना विषाणु की जैसी प्रकृति देखी गई और उसके स्वरूप में जैसे बदलाव देखे गए, उसके मद्देनजर यह आशंका पहले से थी कि आने वाले दिनों में कभी भी इसका खतरा फिर बढ़ सकता है। अब ओमिक्रॉन नाम से कोरोना का जो नया स्वरूप उभरा है, उससे यही लगता है कि इस महामारी को लेकर जरा भी लापरवाही खतरे को कई गुना बढ़ा सकती है। हालांकि हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में लगातार कमी से राहत महसूस की जा रही थी। उम्मीद बंधने लगी थी कि अब कोरोना विषाणु की ताकत कमजोर पडऩे लगी है और आने वाले कुछ समय में लोग अपना सामान्य जीवन जी सकेंगे। इस राहत का आधार इसलिए भी मजबूत था कि देश भर में बाकी सावधानियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों का टीकाकरण हो गया है। मगर अब फिर ओमिक्रॉन के रूप में जो खतरा मंडरा रहा है, वह कोरोना की पहली और दूसरी लहर की त्रासदी की याद दिला रहा है। इसीलिए कोरोना के नए स्वरूप को लेकर दुनिया भर में चिंता फैल रही है और यही वजह है कि हमारे देश में भी केंद्र सरकार ने राज्यों से हर स्तर पर सावधानी बरतने, मास्क और साफ-सफाई जैसे बचाव के उपाय अपनाने, परीक्षण बढ़ाने और संक्रमित मरीजों के इलाज सहित टीकाकरण की गति तेज करने को कहा है। साथ ही %जोखिम वाले देशों' के रूप में चिह्नित जगहों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर नजर रखने का भी निर्देश दिया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के देशों से कहा है कि वे कोविड-19 के नए स्वरूप ओमिक्रॉन पर काबू पाने के लिए निगरानी बढ़ाने, जन-स्वास्थ्य मजबूत बनाने और आसान उपायों का पालन करने सहित टीकाकरण का दायरा बढ़ाने पर जोर दें। गौरतलब है कि कोरोना के इस नए स्वरूप का वैज्ञानिक नाम बी.1.1.529 रखा गया है और इसकी पहचान सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुई। फिलहाल इसके खतरे का आकलन किया जा रहा है। लेकिन ब्रिटेन समेत सभी यूरोपीय देश, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश, बोत्सवाना, चीन, मारीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, हांगकांग और इजराइल आदि से दूसरे देशों में जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। इसकी मुख्य वजह यह है कि कोरोना विषाणु के प्रसार के सबसे शुरुआती दिनों में इसी सबसे जरूरी पहलू की अनदेखी करने के चलते इसके संक्रमण में विस्तार देखा गया था।

# हिरासत में मौतें न्याय प्रणाली पर सवाल...

**सोनम लववंशी**



हमारे देश में अगर कोई व्यक्ति अपराध करता है तो उसे कानूनी रूप से सजा देने का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत अपराधी को सुधारगृह या यूं कहें कि जेल में बतौर सजा के लिए भेज दिया जाता है। लेकिन जब इन्हीं सुधारगृहों में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जाने लगे तो फिर क्या ही कहा जाए? आजकल भारतीय जेलों में हिंसा, मारपीट, जेल कर्मियों द्वारा कैदियों को नशे व मोबाइल फ़ोन की सप्लाई जैसी घटनाएं आएं दिन मीडिया अखबारों की सुर्खियां बन रही है। बावजूद इसके इन अपराधों पर कोई लगाम नहीं लग रहा है। आए दिन पुलिस कस्टड़ी में मौत की खबरें आम हो चली है। लेकिन इन घटनाओं पर कोई लग़ाम लगता नहीं दिख रहा है। ऐसे में सवाल कई है, लेकिन जवाब कौन तलाशेगा? यह भी अपने आपने एक बड़ा सवाल है। वैसे कुछ सवालों की बात करें तो क्या अपराधियों के कोई मौलिक अधिकार नहीं होते है? क्या उनकी जान की कोई क़ीमत नहीं होती है? ये ऐसे सवाल है जिनके जवाब मिल पाना लगभग असंभव है। देखा जाएं तो जब कोई आम व्यक्ति अपराध करता है तो उसे पुलिस द्वारा कानूनी रूप से सजा का प्रावधान है लेकिन जब पुलिस अधिकारी ही अपराध करे तो उसे सज़ा मिल पाना असंभव है क्योंकि पुलिस द्वारा अपराध किए जाने पर उसे खुद अपने ख़िलाफ़ जांच करने के लिए कहा जाता है या उसी डिपार्टमेंट से जांच कराई जाती है, अब सोचने वाली बात यह है कि इस कलयुग में भला कौन राजा हरिश्चंद्र? जो स्वयं को गलत ठहराएगा और निष्पक्ष जांच कर स्वयं को सजा देगा।

गौरतलब हो कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की माने तो पिछले एक दशक में 17 हजार 146 लोगों की मौत पुलिस हिरासत में हुई है। मतलब रोजाना क़रीब 5 लोग बेमौत मार दिए गए है। वहीं सबसे चौकाने वाली बात तो यह है कि 92 फ़ीसदी मौत 60 से 90 दिनों वाली न्यायिक हिरासत में हुई । देश में पिछले 20 सालों के आंकड़ों पर नज़र डालें तो 1888 लोगों की मौत पुलिस हिरासत में होने की बात एक हालिया रिपोर्ट में कही गई है, जबकि इन मामलों में मात्र 26 पुलिसकर्मियों को ही दोषी ठहराया गया है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार देशभर में पिछले 20 सालों में पुलिस हिरासत में हिंसा को लेकर 893 पुलिसकर्मियों पर मामले दर्ज किए गए। लेकिन आश्चर्य की बात है कि करीब 26 पुलिसकर्मी ही दोषी ठहराये गए है। इसके अलावा गत वर्ष की ही बात करे तो करीब 76 लोगों की मौत पुलिस हिरासत में हुई, लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी को दोषी नहीं ठहराया गया है।

वैसे हमारे देश की राजनीति भी गज़ब चीज है गुरू ...! कहने को तो यहां हर बात पर शोर मचाया जाता है लेकिन जैसे ही राजनीतिक लाभ साध लिया जाता है सारी संवेदनाएं मर जाती हैं। सारे मानवाधिकार संगठन मौन धारण कर लेते है। हमारे देश मे यूं तो तमाम एजेंसियां और संगठन समय-समय पर बनाये जाते रहे है, लेकिन ये संगठन भी तब ही हरकत में आते है जब या तो मामला हाई प्रोफाइल हो या फिर राजनीतिक लाभ हो, वरना तो तमाम एजेंसियां बस नाम भर की ही रह जाती है। सारे नियम कानून धरे के धरे रह जाते है। वैसे सच कहें तो हमारे देश में न्याय भी राजनीतिक आधार भी तय किए जाते है। जिन मामलों में राजनीतिक लाभ न हो वे फाइल कहा दफन हो जाती यह कोई नहीं जानता। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहने को तो राज्य सरकार व केंद्र शासित सरकारों को यह निर्देश दे रखें है कि पुलिस हिरासत में हुई मौत की सूचना आयोग के संज्ञान में दे पर वास्तविकता इसके उलट ही है।

देश में पुलिस हिरासत में मौत के मामले कोई नई बात नही है। हाल के दिनों में भारत में हिरासत में मौत के कई खौफनाक मामले सामने आए हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के एक पुलिस थाने में एक युवक अल्ताफ की मौत ने बीते दिनों बवंडर खड़ा कर दिया। हालांकि पुलिस का दावा है कि 22 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति ने जैकेट के हुड के ड्रॉस्ट्रिंग का उपयोग करके जमीन से सिर्फ दो फीट यानी 61 सेंटीमीटर ऊपर वॉशरूम में एक नल से फांसी लगा ली। लेकिन अल्ताफ के परिवार का आरोप है कि उसकी हत्या कर दी गई और परिजनों ने मांग की है कि अल्ताफ की मौत की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई से कराई जाए। अब सीबीआई से जांच होगी तब होगी, लेकिन अभी तो एक जिंदगी सत्ता और सामाजिक वर्ग के ज़हरीले खेल की वजह से चली गई। उसका जिम्मेदार कौन? भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 ही दैहिक स्वतंत्रता की बात करता है और उसी संवैधानिक और न्यायिक तंत्र में ऐसे किसी की जान चली जाए, फिर क्या ही कहने। वैसे हालिया दौर में हिरासत में मौत का यह पहला मामला नहीं। इसके पहले भी हिरासत में मौत के ऐसे और भी कई मामले सामने आए हैं। जिन्होंने देश को झकझोर कर रख दिया है। पिछले साल जून में 58 वर्षीय पी. जयराज और उनके 38 वर्षीय बेटे बेनिक्स को तमिलनाडु में अपने स्टोर को निर्धारित समय से पहले खुला रखकर कोविड-19 लॉकडाउन नियमों का कथित रूप से उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दो दिन बाद पुलिस की कथित बर्बरता से उनकी मौत हो गई। उनकी मौत को लेकर देश भर में बढ़ते आक्रोश ने हिरासत में हुई मौतों पर रोशनी डाली और पुलिस की जवाबदेही की मांग को फिर से दोहराया। वहीं इस क्षेत्र में काम करने वाले नागरिक अधिकार वकीलों, गैर सरकारी संगठनों और पूर्व पुलिस अधिकारियों का मानना है कि न्यायिक हिरासत में सभी मौतें यातना या मार-पीट का परिणाम नहीं होती हैं और कुछ मौतों के पीछे बीमारियों या चिकित्सकीय लापरवाही को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। लेकिन पुलिस हिरासत में लोगों के साथ हिंसा होती है, यह सही है।

वहीं अब हम फिर से यूपी के एक थाने में अल्ताफ़ नाम के युवक की हुई मौत के मुद्दे पर वापस आए तो इस मौत ने बीते दिनों एक सियासी तूफ़ान खड़ा कर दिया। एक तो यू पी में चुनावी माहौल ऊपर से मुस्लिम युवक की हत्या होना, यह अपने आपमें एक बड़ी घटना साबित हुई और यह घटना भले ही मीडिया जगत की सुर्खियां बनी हो पर क्या इस घटना के बाद यह कहा जा सकता है कि पुलिस हिरासत में हुई मौत की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों को सजा मिलेगी? इसका जवाब ना में ही मिलेगा क्योंकि ऐसा कोई एक राज्य नहीं जहां इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही हो, बल्कि तमाम राज्यों में इस तरह की घटनाएं आम बात हो गई है। एनएचआरसी 2020 में इंडियास्पेंड की रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही गई है कि इस साल पुलिस हिरासत में 51 से अधिक लोगो की मौत हुई। पुलिस हिरासत में हत्या और उत्पीड़न के खिलाफ कोई ठोस कानून न होने के कारण सरकार की अनुमति लेनी होती है जिससे कहीं न कहीं न्याय प्रक्रिया भी प्रभावित होती है। ऐसे मामलों में मानवाधिकार आयोग ने 24 घण्टो में रिपोर्ट पेश करने की बात तक कही है, लेकिन अधिकतर मामलों में ऐसा नहीं होता है। वैसे हमारे देश मे कैदियों के साथ भी कम दुर्व्यवहार नहीं होता है, जेल में सुविधाएं भी हैसियत के मुताबिक मुहैया कराने का चलन बढ़ गया है। लेकिन एक सच यह भी है कि हिरासत में मौत के मामले में कोई मजबूत कानून नहीं बनाया गया है। अलबत्ता पुलिस सरकार के दवाब में काम करती है इस बात से भी नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन सभी बातों का आख़िर में लब्बोलुआब एक ही है कि पुलिस को यह बात नहीं भूलना चाहिए कि वह आम नागरिक की सुरक्षा के लिए है न कि नागरिकों पर अत्याचार के लिए... !

## गुरु का पाठ

गंगा के किनारे बने एक आश्रम में महर्षि मुद्गल अपने अनेक शिष्यों को शिक्षा प्रदान किया करते थे। उन दिनों वहां मात्र दो शिष्य अध्ययन कर रहे थे। दोनों काफी परिश्रमी थे। वे गुरु का बहुत आदर करते थे। महर्षि उनके प्रति समान रूप से स्नेह रखते थे। आखिर वह समय भी आया, जब दोनों अपने-अपने विषय के पारंगत विद्वान बन गए। मगर इस कारण दोनों में अहंकार आ गया। वे स्वयं को एक-दूसरे से श्रेष्ठ समझने लगे। एक दिन महर्षि स्नान कर पहुंचे तो देखा कि अभी आश्रम की सफाई भी नहीं हुई है और दोनों शिष्य सोकर भी नहीं उठे हैं। उन्हें आश्चर्य हुआ क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं होता था। महर्षि ने जब दोनों को जगाकर सफाई करने को कहा तो दोनों एक-दूसरे को सफाई का आदेश देने लगे। एक बोला-मैं पूर्ण विद्वान हूं। सफाई करना मेरा काम नहीं है। इस पर दूसरे ने जवाब दिया-मैं अपने विषय का विशेषज्ञ हूं। मुझे भी यह सब शोभा नहीं देता। महर्षि दोनों की बातें सुन रहे थे। उन्होंने कहा- ठीक कह रहे हो तुम लोग। तुम दोनों बहुत बड़े विद्वान हो और श्रेष्ठ भी। यह कार्य तुम दोनों के लिए उचित नहीं है। यह कार्य मेरे लिए ही ठीक है। उन्होंने झाड़ू उठाया और सफाई करने लगे। यह देखते ही दोनों शिष्य मारे शर्म के पानी-पानी हो गए। गुरु की विनम्रता के आगे उनका अहंकार पिघल गया। उनमें से एक ने आकर गुरु से झाड़ू ले लिया और दूसरा भी उसके साथ सफाई के काम में जुट गया। उस दिन से उनका व्यवहार पूरी तरह बदल गया।

## जीने लायक आमदनी का भरोसा तो मिले

**देविंदर शर्मा**

तीन विवादित कृषि कानूनों की वापसी का अचानक हुआ फैसला भारतीय कृषि के भविष्य पर पुनर्विचार, पुनर्रचना और नवाकार संबंधी मनन करने का मौका प्रदान कर रहा है, ताकि सदाबहार क्रांति की नींव रखी जा सके। इसकी खुशियां मना लेने के बाद, राजनीतिक नेतृत्व के लिए जरूरी हो जाता है कि आर्थिकी का नया खाका इस उद्देश्य से हो कि कृषि को आर्थिक विकास का शक्तिपुंज बनाया जाए।

नवउदारवादी अर्थशास्त्री इसको लेकर हो-हल्ला मचाएंगे परंतु कृषि को मुनाफादायक, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ बनाना वक्त की जरूरत है। ऐसे समय पर, जब पूरे विश्व में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और गैर-टिकाऊ भोज्य तंत्र का विकल्प जल्द तैयार करने की जागृति बन रही है, तब भारत के पास सामर्थ्य है कि खेती को पर्यावरण के हिसाब से सुरक्षित, लोगों एवं धरती के लिए स्वस्थकारी बनाने की रूपरेखा प्रदान करे। भले देर से ही सही, किंतु कृषि में प्रस्तावित मंडी व्यवस्था को वापस लेने की साहसिक घोषणा करके प्रधानमंत्री ने सुधारात्मक कृषि की दिशा में आरंभिक कदम पहले ही उठा लिया है।

मैं सुधारात्मक इसलिए कह रहा हूं क्योंकि कृषि कानूनों में जो मंडी व्यवस्था प्रस्तावित थी, वे पहले ही बहुत से मुल्कों और महाद्वीपों में असफल सिद्ध हो चुकी है, अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक और चिली से लेकर फिलीपींस तक के फैले विभिन्न देशों में। मुक्त बाजार व्यवस्था ने पहले से मौजूद कृषि संत्रास में केवल इजाफा ही किया है। चाहे यह अमेरिका, कनाडा हो या कोई अन्य राष्ट्र, वहां-वहां मुक्त मंडी व्यवस्था ने कृषकों को या तो कर्जदार किया है या फिर खेती से बाहर धकेला है, साथ ही कृषि को ग्रीन उत्सर्जन का मुख्य अंशदाता भी बना डाला है। यह मानना कि वही मंडी व्यवस्था भारत में चमत्कार कर दिखाएगी, एक भ्रम है। उत्तर अमेरिका में उच्च निवेश, नवीनतम तकनीकी खोज, उच्च उत्पादकता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मूल्य संवर्धन शृंखला सामर्थ्य होने के बावजूद खेती लगातार घटती गई है और यह अधोगति पिछले 150 सालों से जारी है। वर्ष 2018 में अमेरिकी कृषि विभाग ने हिसाब लगाया था कि कृषि उत्पाद खरीदने को उपभोक्ता द्वारा चुकाए प्रत्येक डॉलर में किसान तक पहुंचने वाला हिस्सा गिरकर महज 8 सेंट तक जा पहुंचा है, लिहाजा उनका वजूद लगातार घटता जा रहा है। चाहे कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला आगामी चुनावों के मद्देनजर लिया हो या किन्हीं आर्थिक कारणों से, यह जानने के बाद कि मुक्त मंडियां खेती से होने वाली आमदनी बढ़ाने में असफल रही हैं, सार्वजनिक बहस का मुद्दा हो सकता है, लेकिन तथ्य यह है कि तथाकथित सुधारों को दरकिनार कर दिया गया है, इस कदम ने कृषि में नई जान फूंकने और खेती के काम में वापस इज्जत लाने की राह प्रशस्त की है। आंदोलनकारी किसानों ने दिल्ली की सीमा पर सालभर से, मौसम की तमाम दुश्वारियां झेलते हुए जिस तरह की दृढ़ता दिखाई है, उसने देश का ध्यान कृषक समुदाय की दयनीय हालत की ओर खींचा है। यह वक्त है कि नई नीतियां इस तरह बनाई और पुनर्निधारित की जाएं, जिससे कि ऐसी स्वस्थ कृषि व्यवस्था बने जो, सतत और टिकाऊ रहे।

नये कृषि कानून वापस लेने का फैसला यानी आधी लड़ाई जीतना है। इनको निरस्त करने का मतलब है यथास्थिति पुनः बनना, अर्थात् जिस मौजूदा गंभीर कृषि संकटों के बीच किसान की जिंदगी बीत रही है, उसमें कोई राहत न होना। बेशक आंदोलन के पहले दौर में यह एक जीत है, लेकिन दौड़ अभी बाकी है। जब तक किसानों को जीने लायक आमदनी का भरोसा न मिल जाए और फसल की कीमत तय करने में मांग-आपूर्ति के ढर्रे वाले सिद्धांत, जिसे बहुत से अर्थशास्त्री किसानों की दुर्दशा का जिम्मेवार ठहराते हैं, को न बदला जाए, वह यूं ही कृषकों का शोषण करता रहेगा। कृषि आय सुनिश्चित किए बगैर भोजन तंत्र का रूपांतर संभव नहीं है। यह वे बदलाव हैं, जिनकी दरकार न केवल भारत, वरन् पूरी दुनिया को बेसब्री से है। किसान को 23 फसलों पर अपनी उपज का भाव घोषित सरकारी न्यूनतम खरीद मूल्य से लगभग 40 फीसदी कम मिलता है, इससे तो लागत तक नहीं निकलती। जब किसान कोई फसल बोता है, तो उसे यह तक अहसास नहीं होता कि वास्तव में वह घाटा उगा रहा है। केवल उन इलाकों को छोड़कर, जहां गेहूं, चावल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था लागू है।

# कोरोना, डरने, डराने का नहीं, सम्हलने का वक्त है

### सूडोकु नवताल- 5910

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5909 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

**मनोज कुमार**

कोविड की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। कल क्या होगा, किसी को खबर नहीं है लेकिन डर का साया दिन ब दिन अपना आकार बढ़ा रहा है। कोरोना की दूसरी लहर को याद करने के बाद रूह कांप जाती है और तीसरी लहर ने भी ऐसे ही कयामत ढाया तो जिंदगी कल्पना से बाहर होगी। पहली लहर को सभी वर्गों ने हल्के में लिया था और कोरोनो को लोग मजाक बता रहे थे। सामान्य खांसी-सर्दी की बीमारी बताकर उसे अनदेखा कर रहे थे लेकिन दूसरी लहर में जब जिंदगी के लाले पडऩे लगे तो समझ में आया कि सौ साल बाद महामारी किस कदर कहर ढाती है। हममें से अधिकांश को पता ही नहीं है कि सौ साल पहले आयी महामारी का प्रकोप कितना और कैसा था लेकिन जब हम खुद इस बार की महामारी का सामना कर रहे हैं तो समझ में आने लगा है कि महामारी होती क्या है? कोरोना की तीसरी लहर की अभी शुरूआत है और अपने आरंभिक लक्षणों में उसकी भयावहता का अंदाज होने लगा है। इस आहट को भांप कर हम सबको डरने की जरूरत नहीं है और ना ही डराने की जरूरत है बल्कि जरूरत है कि हम सब अपने अपने स्तर पर सावधानी बरतें क्योंकि सावधानी ही इस महामारी का इकलौता इलाज है। लापरवाही या अनदेखी के चलते पहले भी कितने घरों में तकलीफ आयी है और इसका दुहराव ना हो, इस बात की सावधानी हमें बरतनी होगी।

कोरोना की तीसरी लहर को लेकर सोशल मीडिया में जिस तरह की आधी-अधूरी बातें की जा रही है, वह किसी महामारी से कम नहीं है। संभव है कि कोरोना को लिखने वाले जानकार हों लेकिन इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि आपके लिखे शब्दों से समाज में डर पैदा ना हो क्योंकि डर के कारण आपाधापी मचती है और बीमारी से ज्यादा डर बेकाबू हो जाता है। कोशिश होना चाहिए कि संतुलित भाषा में कोरोना से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें। कोरोना के दरम्यान बरतने वाली सावधानी से लोगों को अवगत कराया जाए ताकि स्थिति पहले पायदान पर ही नियंत्रण में हो सके। जो जिस क्षेत्र में है, उस क्षेत्र की मेडिकल सुविधाओं के बारे में बताया जाए ताकि जरूरत पडऩे पर लोगों को भटकना ना पड़े। देखने में यह भी आया है कि वैक्सीन को लेकर भी यह चर्चा की जा रही है कि यह कारगर नहीं है। इस सूचना का कोई तर्क नहीं है और एक कारण लोगों का वैक्सीन नहीं लगाने में यह भी है। कायदे से हम लोगों को प्रेरित करें कि अविलम्ब कोरोना प्रतिरोधक वैक्सीन लगा लें ताकि कोरोना के शिकार होने के बाद भी गंभीर स्थिति से बचा जा सके। अभी डराने या बिना तर्क की बात करने का नहीं है क्योंकि डर से व्यवस्था बाधित होती है और महामारी को फैलने के लिए स्थान मिल जाता है। कोरोना के आरंभ के साथ मीडिया की भूमिका सकरात्मक रही है और यही कारण है कि बीते दो लहर से व्यवस्था के नियंत्रण में शासकीय तंत्र को सहायता मिली है। कमियों की आलोचना से शासकीय तंत्र सजग हुआ और व्यवस्था दुरूस्त की गई। जैसे निजी अस्पतालों द्वारा इलाज के नाम पर जो मनमानी की जा रही थी, उसे रोकने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान स्वयं आगे आए। ऐसी आपदाओं में मीडिया की भूमिका बड़ी और गंभीर हो जाती है। समाज की अपेक्षा होती है कि मीडिया सारा सच बताये लेकिन सच तो यह है कि स्थिति को नियंत्रण में रखने, लोगों में डर ना फैले तथा वे व्यवस्था के प्रति सुनिश्चित रहें, इसकी जवाबदारी भी मीडिया की होती है। मीडिया रिपोर्ट्स की भाषा और प्रस्तुति बेहद संयत और संवेदनशील होती है जिससे लोगों के भीतर उपजने वाला डर खत्म होता है। डरे हुए लोग भीड़ में तब्दील हो जाते हैं और भीड़ को नियंत्रण में रखना मुश्किल कार्य होता है। ऐसे में सामंजस्य बनाकर रखना ऐसी विकट स्थिति में मीडिया का कार्य होता है क्योंकि मीडिया समाज और सरकार के मध्य सेतु का कार्य करती है।

कोरोना प्रकोप को नियंत्रण में देखकर सरकार ने जीवन को सहज बनाने के लिए अनेक फैसले लिये हैं जिसमें शैक्षणिक संस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किये जाने के आदेश हैं। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में ऑनलाइन शिक्षा की चर्चा की गई है। अभी समाज मुसीबत से दूर नहीं हुआ है और जरूरी है कि ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था को बनाये रखें ताकि शिक्षण संस्थाओं में एकत्र होने वाली भीड़ से कोरोना वायरस फैलने से रोका जा सके। यूं भी टेक्रालॉजी का जिस तरह से विस्तार हो रहा है और आने वाला भविष्य टेक्रालाजी फ्रेंडली होना है तब ऑनलाइन शिक्षा और वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## असहमति के सवाल

कुछ विपक्षी सांसदों की असहमति के बीच संसद की संयुक्त समिति ने निजी डेटा सुरक्षा विधेयक पर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। समिति में शामिल विपक्षी सांसद केंद्रीय जांच एजेंसियों को कानून के दायरे से बाहर रखने का विरोध कर रहे थे। उनकी आशंका है कि इससे सरकारी एजेंसियों को असीमित अधिकार मिल जायेंगे। वहीं समिति का कहना था कि सरकार को जांच एंजेसियों को बाहर रखने का अधिकार है और ऐसी अनुमति केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर ही दी जा सकती है। करीब दो साल तक चली लंबी चर्चा के बाद संयुक्त संसदीय समिति ने सोमवार को इस रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसके कुछ बिंदुओं पर असहमति का नोट कांग्रेस, बीजू जनता दल व तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने दिया। दरअसल, लोगों के निजी डेटा की सुरक्षा तथा डेटा सुरक्षा प्राधिकरण के स्थापना के उद्देश्य से यह विधेयक वर्ष 2019 में सदन में पेश किया गया था। कालांतर में इस विधेयक को इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श तथा जरूरी सुझावों के लिये जेपीसी के पास भेजा गया था। इस विधेयक के अनुसार केंद्र सरकार देश हित, राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था तथा राष्ट्र की संप्रभुता व अखंडता संरक्षण हेतु जांच एजेंसी को प्रस्तावित कानून के दायरे से छूट दे सकती है। वहीं विपक्षी सदस्य एजेंसियों को असीमित छूट देने के पक्ष में नहीं थे। उनका सुझाव था कि ऐसी छूट के मामले में संसद की मंजूरी लेना आवश्यक किया जाना चाहिए ताकि इन एजेंसियों को जवाबदेह बनाया जा सके। बहरहाल, माना जा रहा कि आसन्न शीतकालीन सत्र में यह विधेयक सरकार को घेरने का विपक्ष का हथियार बन सकता है। उल्लेखनीय है कि जेपीसी ने इस प्रस्तावित कानून को लेकर 93 अनुशंसाएं प्रस्तुत की हैं। समिति का कहना है कि सरकार के कार्य व नागरिकों की निजता की सुरक्षा के बीच सामंजस्य बनाने का प्रयास किया गया है। वहीं समिति प्रमुख का तर्क है कि इस प्रस्तावित कानून से डेटा सुरक्षा के अंतर्राष्ट्रीय मानकों का निर्धारण होगा। दरअसल, संयुक्त संसदीय समिति ने प्रस्तावित विधेयक में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पब्लिशर्स के रूप में मानने के साथ ही उससे संबंधित डेटा को निगरानी व जांच के अधिकार को भी विधेयक के दायरे में लाने की संस्तुति की है। इसी मकसद से विधेयक में डेटा सुरक्षा प्राधिकरण की स्थापना प्रस्तावित है। दो साल के व्यापक मंथन के बाद कई सुधारों से संबंधित सुझावों को मान लिया गया है।

# विकासखंड स्तरीय दिव्यांग सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

### विजयी प्रतिभागियो को किया गया पुरस्कृत



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस में दिव्यांग छात्र छात्राओं की सांस्कृतिक एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसीसी प्रांगण एवं भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीईओ जालिम सिंह धाकड़ रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा की गई। कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ बीएसी नवीन प्रताप सिंह जादौन द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन बीएसी केशव शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीईओ जालिम सिंह धाकड़ ने कहा कि दिव्यांग छात्र छात्राओं की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं से बच्चों में खेल के प्रति उत्साह उमंग एवं नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दिव्यांग छात्र-छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रतिवर्ष कराई जाती हैं, जिससे बच्चों मैं खेलभावना का विकास होता है एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्र एवं छात्रा के अंदर छिपी हुई प्रतिभा का पता चलता है और बोलने की झिझक दूर होती है व नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गीत संगीत भाषण कहानी किस्सा एवं डांस प्रतियोगिता एवं खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत चम्मच रेस, दौड़, मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, कबड्डी, चित्रकला प्रतियोगिता नींबू रेस, आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई, जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि एमआरसी देवेंद्र शर्मा एवं एमआरसी श्यामदास के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से बीएसी फखरुद्दीन खान, कल्याण सिंह अर्गल प्रधानाध्यापक, बीएसी श्रीनिवास बघेल, बीजीसी श्रीमती मुक्ता तोमर, डीईओ योगेश शर्मा, लेखापाल श्रीमती प्रियंका मंगल, जन शिक्षक राजेंद्र शुक्ला, महेश कुमार शुक्ला, ज्ञान सिंह धाकड़, किशोर कुमारओझा, जीतेंद्र सिंह धाकड़, रामअवतार रजक सहित सभी कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।



## मवेशी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक घायल

**मुरैना।** जानकारी के अनुसार माता बसैया थाना क्षेत्र के जीगनी गाँव में 50 वर्षीय संतोष नामक व्यक्ति पेट्रोल पंप पर नॉकरी करते है। बता दें कि गुरुवार को मुरैना शहर के नेहरू पार्क स्थित पेट्रोल पंप पर सन्तोष डियूटी करके बाइक पर सवार होकर अपने घर जीगनी जा रहा था। जब संतोष की बाइक अम्बाह रोड स्थित मुडियाखेडा गाँव से गुजर रही थी। तभी वहाँ दो आवारा मवेशी लड रहे थे, उसी दौरान एक मवेशी ने सन्तोष की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सन्तोष बाइक सहित सडक पर गिर पडा। उक्त घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल सन्तोष को वार्ड में भर्ती कर दिया है।

## कोरोना से बचाव के लिए अनुकूल व्यवहार अपनाने की अपील

**मुरैना।** स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमण के नए वैरिएंट से बचाव के लिए लोगों को आम जीवन में अनुकूल व्यवहारों को अपनाना जरूरी है। कोरोना से बचाव के लिए विशेषज्ञों ने अनुकूल व्यवहार का पालन करने की आम लोगों को सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह देते हुए लोगों से कहा है कि अभिवादन के लिए आपस में उचित दूरी रखते हुए एक दूसरे का अभिवादन करें, एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखें, घर पर उपयोग होने वाला फेस कवर-मास्क हर समय पहनें, अपनी आँख, नाक या मुंह को छूने से बचें, अपनी श्वांस स्वच्छता बनाए रखें, अपने हाथों को नियमित रूप से और अच्छे से धोएं, अक्सर छुए जाने वाली सतहों को नियमित रूप से साफ और कीटाणु रहित करें। इसके अतिरिक्त तंबाकू उत्पादों का ना सेवन करें, ना सार्वजनिक स्थानों पर थूकें, अनावश्यक यात्रा ना करें।

# बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नही: संदीप सेंगर

### यूथ अकादमी संस्था ने किया किशोर-किशोरियों के साथ संवाद



**मुरैना।** यूथ अकादमी संस्था द्वारा सिंगल वस्ती मुरैना में किशोर किशोरियों की जागरूकता हेतु बैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सचिव संदीप सेंगर एवं स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता मालोनिया, दीप्ति दिसोरिया कविता कुलश्रेष्ठ, ममता जाटव एवं किशोर-किशोरियां उपस्थित थी। कार्यक्रम में संदीप सेंगर द्वारा किशोर व किशोरियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें उनके हक व अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। श्री सेंगर ने बताया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र मे बेटों से कम नहीं है, समाज में लोगों को इन के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी बेटियों को बाल विवाह, घरेलू हिंसा, एनीमिया जैसे अन्य विषयों के बारे में विस्तार से समझाया गया, साथ ही उनके बेहतर भविष्य हेतु उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। बालिकाओं को बताया गया कि वह अपनी बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहें एवं पौष्टिकता से भरपूर भोजन का उपयोग अपने देनिक जीवन में करें तथा समय-समय पर अपने रक्त की जांच कराते रहें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि बहुत सारे बेटे बेटियों में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी हो जाती है और उन्हें इस बीमारी का जब पता चलता है।

## भू-अधिकार पुस्तिका अब ऑनलाइन प्राप्त होगी

### मध्यप्रदेश में सुशासन की दिशा में एक और कदम

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भू-अधिकार पुस्तिका प्राप्त करने का सुगम और आसान तरीका बनाने के निर्देशों के अनुपालन में मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग ने भू-अधिकार पुस्तिका उपलब्ध कराने के संबंध में संशोधित नियम जारी किए हैं। अब भू-अधिकार पुस्तिका आवेदक को ऑनलाइन प्राप्त होगी। भू-स्वामी अपनी भू-अधिकार पुस्तिका प्राप्त करने के लिए आईटी सेंटर, एम.पी. ऑनलाइन, लोक सेवा केन्द्र, कियोस्क सेंटर और शासन द्वारा प्राधिकृत सेवा प्रदात्ता के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

ऑनलाइन मिलने वाली भू-अधिकार पुस्तिका सामान्यतः दो पृष्ठों की होगी। इसके लिए शासन द्वारा 45 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रकरण विशेष में पुस्तिका यदि अधिक पृष्ठों की है, तो प्रत्येक पृष्ठ के लिए 15 रुपये अतिरिक्त देय होंगे। प्रदेश में भू-अधिकार पुस्तिका अब ऑनलाइन प्रदाय की जायेगी। पूर्व में प्राप्त की गई भू-अधिकार पुस्तिका यथावत उपयोग में ली जा सकेगी। राजस्व विभाग द्वारा भू-अधिकार पुस्तिका प्रदाय करने के लिए समय-सीमा लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निर्धारित की गई है। भूलेख पोर्टल से भू-अधिकार पुस्तिका की डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति डाउनलोड कर आवेदक को निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय की जायेगी। ऑनलाइन भू-अधिकार पुस्तिका प्राप्त करने के लिए कृषक (आवेदक) को अपना आधार कार्ड, फोटो, मोबाइल नम्बर, समग्र आईडी, पटवारी हल्का और सेक्टर क्रमांक आदि अभिलेख उपलब्ध कराना होंगे। इन अभिलेखों के आधार पर ऑनलाइन सेवा प्रदाता संस्था आवेदक का आवेदन प्रस्तुत कर देगी। कृषक द्वारा भू-अधिकार पुस्तिका का आवेदन किए जाने के लिए यदि आधार नम्बर उपलब्ध नहीं है, तो कृषक का फोटो लेकर क्षेत्र के पटवारी से सत्यापित करवाया जायेगा। पटवारी का दायित्व है कि वह कृषक का फोटो तीन कार्य दिवस में सत्यापित अथवा अमान्य करें। पटवारी द्वारा ऐसा नहीं किए जाने की दशा में फोटो को सही मानकर भू-अधिकार पुस्तिका जारी की जायेगी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु अऋणी किसान 31 दिसम्बर तक प्रीमियम भरें

**मुरैना।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले के ऐसे सभी अऋणी किसान भाई फसल बीमा का लाभ लेने के लिए 31 दिसम्बर 2021 तक प्रीमियम भरकर लाभ उठा सकेंगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि जिले में रबी मौसम 2021-22 के लिए गेंहू सिंचित, असिंचित, चना फसल पटवारी हल्का स्तर पर एवं मसूर फसल जिला स्तर पर अधिसूचित की गई है। जिसका स्केल ऑफ फाइनेंस के आधार 1.5 प्रतिशत के मान से गेंहू सिंचित 525 रूपए प्रति हेक्टेयर तथा असिंचित गेंहू के लिए 394.50 रूपये, चना के लिए 525 रूपए प्रति हेक्टेयर तथा मसूर के लिए 330 रूपए प्रति हेक्टेयर कृषकों द्वारा फसल बीमा प्रीमियम राशि रबी 2021-22 हेतु जमा की जानी है।

## ऐतिहासिक पर्यटन के रूप में विकसित होगी अलोपी शंकर पहाडी: रजोधा



**कैलारस।** गुरुबार को जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजोधा ने नई दिल्ली में क्षेत्रीय सांसद और भारत सरकार के मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मिल कर जौरा विधानसभा के विकास कार्यो को लेकर एक लम्बी चर्चा की, जिसमें पहाडगढ-सहसराम रोड की जर्जर हालत पर चर्चा की एवं कैलारस नगर का ताज एतिहासिक और कई वर्ष पूर्व से कैलारस नगर का श्रंगार कर रहा भगवान शिव मंदिर स्थित अलोपी शंकर पहाड को भव्य व सुन्दर स्थल बनाने को लेकर चर्चा की। जौरा विधायक सूबेदार सिंह ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री से चर्चा में यह तय किया गया है कि अलोपीशंकर पहाडी पर स्थित शिव मंदिर तक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए पहुंच मार्ग को सुगम करने सीसी सड़क का निर्माण किया जावेगा। जिसकी डीपीआर बनकर तैयार हो गई है, जिसके निर्माण की स्वीकृति के लिए अब भोपाल संचनालय को जाएगी। इसको लेकर केन्द्रीय मंत्री ने मौके पर ही भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियो से फोन पर चर्चा कर जल्द से जल्द फाइल तैयार करने के निर्देश दिये हैं। विदित हो कि अलोपी शंकर पहाड को रमणीय और दार्शनिक स्थल बनाने के लिए जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजोधा पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### दो बाइकों की भिडंत पिता-पुत्र घायल



**मुरैना।** जानकारी के अनुसार मुरैना जिले की बानमौर तहसील की दुर्गापुरी कॉलोनी में 55 वर्षीय लाखन कुशवाह गुरुवार को अपने 36 वर्षीय पुत्र राजवीर के साथ बाइक से श्योपुर जिले के विजयपुर की तरफ जा रहे थे। जब इनकी बाइक बानमौर नगर परिषद रोड से गुजर रही थी, तभी सामने से चले आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही से चलाते हुए राजवीर की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार पिता व पुत्र सडक पर गिर पडे और घायल हो गए।

# शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में राजस्व अधिकारी गति लायें: कलेक्टर

### बानमोर नायब तहसीलदार का दो दिन का वेतन कटेगा



**मुरैना।** कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने गूगल मीट के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की आरओ बैठक की समीक्षा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजना में अधिकारी गति लायें, जिसमें दान अधिकार, ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय पटटे, स्वामित्व, सुशासन का अभियान, राजस्व पखवाड़ा, आरसीएमस, अटल प्रोग्रेस एवं रेल्वे लाइन के लिये भूमि उपलब्ध कराना प्राथमिकता में है। इसके तहत रिक्त भूमि प्रकार के कार्य में बानमोर नायब तहसील्दार अनिरूद्ध द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई। उनकी प्रगति नगण्य पाई गई इस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार अनिरूद्ध को कारण बताओ नोटिस तथा दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि प्रत्येक दिन इन योजनओं पर समीक्षा की जायेगी इसके लिये अधिकारी प्रतिदिन के मान से अपडेट करते रहें। प्रगति नहीं होने पर यह मान लिया जायेगा कि इन योजनाओं पर राजस्व अधिरकारियों का ध्यान नहीं है। बैठक में अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, एसडीएम श्री संजीव कुमार जैन तहसील्दार अजय शर्मा गूगल मीट के माध्यम से जुड़े समस्त एसडीएम एवं तहसील्दार, नायब तहसील्दार उपस्थित थे।

# देश व संविधान को बचाने के लिए माकपा का हर कार्यकर्ता कुर्बानी देने के लिए तैयार है: अशोक तिवारी

### माकपा का दो द्विवसीय जिला सम्मेलन आरम्भ



कैलारस। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन कामरेड गणेश मरैया नगर, सिंघल मैरिज गार्डन में शुरू हुआ। सम्मेलन में ध्वजारोहण पार्टी के वरिष्ठ नेता दलित शोषण मुक्तिमंच के प्रदेश संयोजक जुगल किशोर पिप्पल ने किया। सम्मेलन जुगल किशोर पिप्पल, महेश प्रजापति, महिला नेत्री उमा सारस्वत की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ। सम्मेलन में शोक प्रस्ताव कामरेड मुरारी लाल धाकड़ ने रखा और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सम्मेलन का उद्घाटन राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने करते हुए कहा कि आज केन्द्र की भाजपा सरकार देश को बहुराष्ट्रीय कंपनियों और उद्योगपतियों को बेचने पर आमादा है। संसदीय लोकतंत्र और परम्पराओं को खत्म करने पर लगी हुई है। देश को तबाह करने के लिए नये-नये कानून बना कर जनता को लूट लेना चाहते हैं। नोटबंदी, जीएसटी और काले कृषि कानून बनाए गए। जिसका किसानों ने इकट्ठे होकर दिल्ली की सीमाओं को एक बर्ष तक घेरे रखा, जहां 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए। तब मजबूर होकर तानाशाह को झुकना पड़ा और तीनों काले कृषि कानून वापस लेने पड़े लेकिन आज भी अनेकों कानून वापस लेने के लिए बकाया हैं। उन्होंने कहा कि देश में सिर्फ माकपा ही सड़कों पर लड़ रही है और माकपा का हर कार्यकर्ता आखिरी सांस तक देश और संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान देने को तैयार हैं। दो दिन तक चलने वाले सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह भी मौजूद रहेंगे।

# दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर मनाई पिता की पुण्यतिथि



*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड ।** माता-पिता परमात्मा का स्वरूप हैं।उनकी सेवा भगवान की सच्ची सेवा है।मां -बाप के चरणों में स्वर्ग होता है,उनकी सेवा और आशीर्वाद से हमे हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।उनका आदर-सम्मान करना हमारा पहला धर्म है। यह बात धीरज सिंह गुर्जर एनएसएस प्रभारी शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय भिंड के पूज्य पिता स्व. भारत सिंह गुर्जर प्रधानाध्यापक की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर शिव प्रताप सिंह भदौरिया जिला समन्वयक जन अभियान परिषद ने कही। उन्होंने आगे विचार व्यक्त करते हुए भदौरिया कि कहा कि दंदरौआ में जन्मे सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी स्व.शिक्षक श्री गुर्जर ने जीवनपर्यन्त शिक्षा और समाज के विकास के लिए कार्य किया। चाइल्ड लाइन के डायरेक्टर शिवभानु सिंह राठौर ने कहा कि पिता से अच्छा गुरु और संरक्षक नही हो सकता। स्वार्थलिप्तता और विदेशी कल्चर के प्रभाव से हम अपना पुत्रधर्म,नैतिकता और मानवीय दायित्व भूलते जा रहे है, इसीलिए पारिवारिक विघटन हो रहे है,वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है। हमे पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर माता- पिता के अधूरे सपनों को पूरा कर एक सच्चे सपूत का धर्म निभाना चाहिए। कहते है-बाढ़हि पूत पिता के धर्मा,खेती उपजे अपने कर्मा।माता-पिता का आशीर्वाद ही जीवन में सुख शांति और समृद्धि प्रदान करता है। अपने पिता की पंचम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र धीरज सिंह गुर्जर सपत्नीक जामना-भिंड में संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र विमलादेवी स्पेशल विद्या मंदिर दिव्यांग छात्रों के बीच पहुंचे और उन्हें ऊनी वस्त्र, स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स आदि भेंट किए तथा मिष्ठान एवम फल वितरण कर उनके साथ बैठकर कार्यक्रम किया। इस अवसर पर उनकी धर्म पत्नी श्रीमती सुशीला देवी गुर्जर,पौत्र एवम पौत्री राघव, वेदिका, चाइल्ड लाइन कार्यकर्ता अन्नू तोमर,राघव सिंह राठौर,उमेश शर्मा, अनमोल, अजब सिंह,विशेष शिक्षिका रूबी तोमर, प्रधानाध्यापक सतेंद्र सिंह राजावत एवम एनएसएस स्वयंसेवक अभय भदौरिया तथा हर्षित यादव आदि मौजूद रहे।

## शनिचरी अमावस्या 4 दिसम्बर को



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने त्रिवेणी शनि मन्दिर एवं घाटों का निरीक्षण किया, सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

**उज्जैन ।** शनिचरी अमावस्या 4 दिसम्बर को है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी के नवग्रह मन्दिर पर एकत्रित होंगे एवं स्नान पूजन करेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने आज अमावस्या पर त्रिवेणी शनि मन्दिर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने बारिश के मद्देनजर घाटों की साफ-सफाई एवं काई हटाने के लिये कहा है, जिससे श्रद्धालु आसानी से स्नान कर सकें। उन्होंने साफ-सफाई के लिये तीन शिफ्ट में कर्मचारी लगाने के निर्देश नगर निगम को दिये हैं। कलेक्टर ने पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने के लिये भी कहा है। कलेक्टर ने पर्याप्त संख्या में चलित शौचालय, पीने के पानी के टेंकर की व्यवस्था करने तथा इनके लिये स्थान-स्थान पर संकेतक लगाने को कहा है। ठण्ड के मद्देनजर अलाव जलाने के निर्देश भी दिये गये हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बैरिकेटिंग की व्यवस्था, घाट पर प्रवेश एवं निर्गम, मन्दिर में दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अंशुल गुप्ता, एडीएम संतोष टैगोर, एएसपी रवीन्द्र वर्मा, अमरेंद्र सिंह, एसडीएम गोविंद दुबे,श्रीमती कल्याणी पाण्डेय एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## वन-टू-वन

### शहर में चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**
**शिवपुरी**

**शिवपुरी,** 01 दिसम्बर 2021/ खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगरपालिका की टीम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा एकत्रित करना, कचरे को सही स्थान पर पहुंचाने का काम जारी है जिससे कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और जेसीबी ट्रैक्टर की मदद से कई स्थानों से कचरा एकत्रित किया गया। स्वच्छता अभियान में मिर्ची बाजार, शंकर कॉलोनी, पुराने बस स्टैंड एवं पुराने बस स्टैंड के अंदर झाड़ू लगवाकर सफाई करवाई। इसके अलावा पुलिस परेड ग्राउंड और वार्ड नंबर 4 गांधी पार्क मैदान की सफाई

### सीमा शिवहरे बनी भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष



**अनिल कुशवाह ब्युरो**

**शिवपुरी-** भारतीय जनता पार्टी ने आज सभी जिलों की महिला मोर्चा की कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें शिवपुरी जिले की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जी को नियुक्त किया गया जिलाध्यक्ष नियुक्ति होने पर श्रीमती सीमा शिवहरे जी ने बताया की जिले में निरंतर भाजपा में सक्रिय रहने का आज जो फल मुझे मिला है और जिस तरह से आज मुझे जो फल मिला है उसके लिए मैं पार्टी के सभी पदाधिकारियों और जिला अध्यक्ष जी को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने इतनी बड़ी जिम्मेदारी को निभाने के लिए मुझे उपयुक्त समझा मैं उनका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूं और भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष बनने के बाद हमारे जिले में हम ऐसी महिलाओ को नियुक्त करेंगे जो महिलाएं भाजपा के लिए तन मन धन से सहयोग करने के लिए हमेशा हमेशा तत्पर रहेंगी आज दिनांक तक जो हमारी महिला मंडल की कार्यकारिणी काम कर रही थी। वह कार्यकारिणी हमेशा के लिए भारतीय जनता पार्टी के लिए अपना वर्चस्व बुलाकर पार्टी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करेंगी। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पूरे जिले से बधाई और शुभकामनाएं देने की लिए सभी सहयोगीओ ने बढ़ चढ़ कर अपना सहयोग मुझे दिया उसके लिए मै पूरे जिले के साथियों को धन्यबाद देती हूं

### एसडीएम ने आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर पोषाहार वितरण किया



**पुष्पांजलि टुडे/पाली**

**पाली ।** रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह ने रानी नगरपालिका के पीछे विधालय में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र दो का निरीक्षण कर लाभार्थियों को पोषाहार वितरण किया।इस दौरान उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह ने कहा की सभी लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्र पर संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कोराना सत्रमण वापस फैल रहा हे इसलिए सभी महिलाएं मास्क लगाये एवम कोराना गाईड लाईन का पालन करें। उन्होंने केन्द्र संचालिका से योजनाओं की जानकारी ली एवम् सभी महिलाओं व बच्चों को लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना मास्क आई महिलाओं को मास्क वितरण किए।

## दतिया में गरमाया अपहरण दुष्कर्म में पॉस्को एक्ट का मामला सबालो के घेरे में थाना प्रभारी क्यो..?

**मामला 4 माह पुराना अब दर्ज हुआ मामला,तो बिना तह तक जाए हो गया सोर सराबा**

**क्या सोरगुल में आरोपी को बचाने का रचा जा रहा षड्यंत्र**

**बिना तथ्यों के आधार पर लगा दिए पुलिस प्रशासन पर आरोप, सिर्फ हो रहा सोर सराबा**

**क्या आरोपी के चहितो ने रचा दुष्कर्म के मामले से आरोपी को बचाने का षड्यंत्र, क्या है मामला..?**




दतिया जिले में पुलिस के खिलाफ ओर पॉस्को एक्ट के आरोपी के साथ चुनिंदा बदमाश रच रहे सडयंत्र दतिया जिले का चर्चित मामला सामने आया है जहां 4 माह पहले नाबालिक किशोरी को लिफ्ट देने के बहाने एक किसान पर अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया, मामला संगीन था जांच आगे बड़ी जब तक लांच थाना प्रभारी का तबादला हो गया और नवागत थाना प्रभारी नन्दनी शर्मा को चुना गया, नवागत थाना प्रभारी नन्दनी शर्मा के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उन्होंने इसकी जांच तेज कर दी, ओर अपहरण और दुष्कर्म के मामले की जांच शुरू हुई, आरोपी ओर फरियादी के व्यान दर्ज किया गया, ओर मामले की सच्चाई के लिए दोनो का मेडिकल परीक्षण कराया गया, सूत्रों की माने तो मेडिकल रिपोर्ट में किसान पर लगे आरोप सच साबित होते नजर आ रहे है, ओर पुलिस को दिए व्यान में भी यह दर्ज है कि नाबालिक किशोरी ने अपने साथ हुई घटना को स्वीकार किया है, जिसकी सूचना संबंधित थाना पुलिस द्वारा जिले के बरिष्ठ अधिकारियों को पहले ही दी जा चुकी है।

## हॉस्पिटलों में चाय वितरित करने का संस्था ने लिया संकल्प-अधिवक्ता शिल्पा डोगरा।



**ग्वालियर।** गौरवशाली सामाजिक संस्था सचिव वासुदेव मिश्रा ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा संस्था की स्थापना दिवस से ही हर जरूरतमंद की मदद किसी न किसी रूप में करते चले आ रही है कोरोना काल की अवधि से संकल्प कोई भूखा ना सोए निरंतर जारी है, वर्तमान में संस्था द्वारा रात्रि में जे ए एच हॉस्पिटल, कमला राजा हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन, अचलेश्वर मंदिर आदि जगहों पर संस्था कार्यालय चौरसिया कॉलोनी हनुमान मंदिर नादरिया माता रोड गुड़ा की पुलिया लश्कर ग्वालियर संस्था कार्यालय में संस्था पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा स्वयं चाय तैयार कर वितरित करने का कार्य जारी है। इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए संस्था की संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा ने शहर के सीनियर अधिवक्ता डी पी सिंह, बाल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवि अंबे, डॉक्टर पी एस राजोरिया, अधिवक्ता विजय गुप्ता, अधिवक्ता अमित त्रिपाठी, अधिवक्ता कपिल सिंघल, अधिवक्ता साबिर उस्मानी, तरुण जगदेले, दीपक राठौर, तरुण गुलाटी, ललितकांत गिरी, संस्था की संरक्षिका श्रीमती रीता डोगरा, संस्था सचिव वासुदेव मिश्रा, संस्था की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी करन, सुनील करन, कृष्णा, राज, हिमांशु, नैना एवं संस्था परिवार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



## मध्य प्रदेश के इन जिलों में बारिश के आसार, बिजली गिरने की भी संभाबना...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**भोपाल...** मध्य प्रदेश में दिसंबर लगते ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में कल शुक्रवार 3 दिसंबर को बारिश की सम्भावना जताई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक प्रदेश के 6 संभागों के कई जिलों में बारिश तेज गरज चमक के साथ बौछार और बारिश की सम्भावना है। एमपी मौसम विभाग ने जारी बुलेटिन में पूर्वानुमान लगाया है कि भोपाल, होशंगाबाद, ग्वालियर, चम्बल, इंदौर और उज्जैन संभागों के जिलों में और छतरपुर, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सीधी, एवं सिंगरौली जिलों में गरज चमक के साथ बौछार गिरेगी और कहीं कहीं बारिश भी होगी। मौसम विभाग ने ये भी चेतावनी दी है कि बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम और उज्जैन में गरज के साथ बिजली चमकने और गिरने की सम्भावना है।



## गोरमी पीएचसी को सी सीएचसी में उन्नयन की मांग को लेकर समाजसेवियों ने दिया ज्ञापन।

**संतोष सिंह भदौरिया**

**गोरमी।** गोरमी तहसील की जनसंख्या दो लाख से ऊपर हो गई है स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर गोरमी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर केवल एक डॉक्टर की तैनाती है गोरमी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन की मांग को लेकर स्थान समाजसेवियों ने मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री श्री ओपीएस भदौरिया को दिया ज्ञापन में मांग की गई है की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर को बढ़ाकर इसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाए एवं गोरमी सर्कल के कचनाव कला सुकाण्ड नुंहड़ एवं सिकरौदा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएं गोरमी में एक महिला चिकित्सक की पदस्थापना की जाए गोरमी अस्पताल में ब्लड बैंक एवं एक्स-रे की व्यवस्था की जाए एवं अस्पताल में कम से कम पांच चिकित्सकों एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाए स्थानीय समाजसेवी एवं अधिवक्ता अजमेर सिंह यादव ने ज्ञापन देते हुए कहा कि इस प्रकार के ज्ञापन हम स्थानीय राज्य मंत्री मध्य प्रदेश सरकार ओ पी एस भदौरिया के अलावा स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी को भी भेजेंगे अगर हम लोगों की मांगों को नहीं माना गया तो हम लोगों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा ज्ञापन देने वालों में समाजसेवी अजमेर सिंह यादव मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक निर्मल आर्य संतोष सिंह भदौरिया अरविंद थापक सोनू भदौरिया सुरेश श्रीवास जवाहर सिंह महेश शर्मा आनंद जैन सुरेश भटेले रजन भदोरिया सुभाष नरवरिया मोनू शर्मा आदि शामिल थे

## ईटन्दरा मेडतिया में 131 परिवारों को शिविर में मिला पट्टों का लाभ

**शिविर के दौरान उमड़ी भारी भीड़।**

**महिला अधिकरिकता विभाग की तरफ से सात नवजात बालिकाओं का केक काटकर जन्मदिन मनाया साथ ही दो गर्भवती भराई गोद।**

**पुष्पांजलि टुडे/पाली**



**पाली रानी। ।** रानी उपखंड क्षेत्र के ईटन्दरा मेडतिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को प्रशासन गांवों के संग शिविर प्रभारी एसडीएम रविकांत सिंह मीणा के सानिध्य में आयोजित हुआ। कलाली सरपंच भवर लाल सिरवी ने शिविर की अध्यक्षता की। उपखंड अधिकारी रवि कांत सिंह मीणा के अनुसार शिविर में नाम शुद्धिकरण, खातों के विभाजन, जाति मूल व हैसियत के प्रकरण, नामान्तरण संबंधी प्रकरण व राजस्व रिकॉर्ड प्रतिलिपि के सहित अन्य प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। विकास अधिकारी आवडदान ने बताया कि 131 पट्टे जरूरतमंदों को वितरित किए गए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के मनरेगा जॉब कार्ड के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत-शौचालय, नरेगा के - मोबाईल अपडेशन व कई जनों को ई-श्रमिक कार्ड के बारे में अवगत कराया। साथ ही अन्य कार्यों का भी निस्तारण किया गया । महिला अधिकरिकता विभाग की और से योजना बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ के तहत रानी उपखंड अधिकारी तहसीलदार प्रधान के अध्यक्षता में नवजात बालिकाओं को अपने हाथों से उनका केक काटकर जन्मदिन मनाया साथ ही दो गर्भवती महिलाओं को महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई गई।

**ये भी रहे मौजूद** -मारवाड़ विधायक खुशवीर सिंह जोजावर जिला जनसंपर्क सूचना अधिकारी वेद प्रकाश आशिया। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश सिरवी खोड। ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे

## पूरे देश में जोर पकड़ चुका है पुरानी पेंशन एवं निजीकरण का आंदोलन -जनक सिंह रावत



**शिवपुरी---** आज पूरे देश में 2004 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों अधिकारियों का पुरानी पेंशन के लिए विभिन्न राज्यों में आंदोलन अपने चरम पर है सरकार से एक ही मांग कर रहे हैं कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन बहाल करें न्यू मूवमेंट फॉर पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा बताया गया कि आज वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में पुरानी पेंशन के लिए एवं निजीकरण के खिलाफ कर्मचारी संघ एवं युवा लामबंद हो चुके हैं और पुरानी पेंशन एवं निजीकरण बंद करो की मांग कर रहे हैं सरकार को अब कर्मचारियों के हित और अधिकारों के लिए पुरानी पेंशन बहाल कर निजी करण को भी बंद कर देना चाहिए अन्यथा की स्थिति में देश के कर्मचारी पुरानी पेंशन और निजीकरण के खिलाफ एक मंच पर आकर सरकार के खिलाफ जन जागरण कर सरकार की नीतियों को जन-जन तक ले जाएंगे एवं पुरानी पेंशन एवं निजी करण के खिलाफ लोगों को जागरूक कर अपने हितों और अधिकारों के लिए संगठित करने के लिए आह्वान करेंगे निजीकरण एक अभिशाप है देश के लिए सरकार को अब सोचना चाहिए पुरानी पेंशन एवं निजी करण बंद कर देना चाहिए जिससे देश के 70लाख से अधिक कर्मचारीयो एवं लाखों युवाओं को निजीकरण के अभिशाप से मुक्ति मिल सके

### दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के गुमनाम नायकों को एक श्रद्धांजलि

# भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित है यशराज की वेब सीरीज ,द रेलवे मैन, बाबिल खान आएंगे नजर

**भोपाल।** यशराज फिल्म्स भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल कंटेंट क्षेत्र में अपना पहला कदम रख रहा है. वाईआरएफ के स्ट्रीमिंग कंटेंट प्रोडक्शन बिजनेस का नाम वाईआरएफ एंटरटेनमेंट होगा और यह अपने पहले साल में पांच विशाल प्रोजेक्ट्स को तैयार करने के साथ अपनी शुरुआत करेगा।

इस बैनर की ओर से पेश किया जाने वाला पहला बड़ा प्रॉजेक्ट है द रेलवे मैन। दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा, 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के गुमनाम नायकों को दी जाने वाली एक श्रद्धांजलि है जो कि भोपाल स्टेशन पर काम करने वाले रेलवे के कर्मचारी हैं. वाईआरएफ ने उसी दिन भोपाल के उन वीरों को सलामी देने के लिए इस प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जिन्होंने 37 साल पहले इस शहर पर मुसीबत के आने पर हजारों लोगों की जान बचाई थी।

द रेलवे मैन का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं, जो वाईआरएफ के साथ काम करते आ रहे हैं और जिनका मार्गदर्शन आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। द रेलवे मैन में आर माधवन, के के मेनन, दिव्येंदु शर्मा और बाबिल खान जैसे शानदार कलाकार नजर आयेंगे. यह शो इन चार कलाकार पर आधारित होगा. द रेलवे मेन की शूटिंग कल 1 दिसंबर से शुरू की गई।



### पांच लाख से अधिक लोग हुए थे जहरीली गैस का शिकार

2 दिसंबर, 1984 की आधी रात के बाद, अमेरिकन यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन की एक कीटनाशक फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हो गया. ऐसा बताया गया है कि उस रात पांच लाख से अधिक लोग जहर का शिकार बने थे और आधिकारिक मृत्यु का आंकड़ा 5,000 से ऊपर पहुंच गया था. बचे हुए हजारों लोगों ने कहा है कि वे, उनके बच्चे और पोते-पोतियां इस रिसाव के कारण कैंसर, अंधेपन, सांस, रोग प्रतिकारक शक्ति और तंत्रिका प्रणाली से जुडी समस्याओं जैसी पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हैं. द रेलवे मैन 2 दिसंबर, 2022 को स्ट्रीम करेगी।

## जैसलमेर जिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर के मनोनीत होने पर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी महासचिव राठौड़ ने हर्ष व्यक्त किया।

**पुष्पांजलि टुडे/पाली**



**पाली।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव डिंपल राठौड़ ने जैसलमेर के जिलाध्यक्ष पद पर उम्मेदसिंह तंवर को नियुक्त करने पर प्रसन्नता जाहिर की हैं। राठौड़ ने इसके लिए कांग्रेस आलाकमान का आभार जताते हुए कहा कि उचित,अनुभवी व योग्य व्यक्ति को जिलाध्यक्ष बना कर सभी कार्यकर्ताओं का व लोगों का दिल जीता हैं। तंवर ने पिछले वर्षों में प्रदेश भर में दौरे किए और सभी जातियों सहित अपने समाज के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का काम किया हैं। राठौड़ ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, और कहा कि उनके चयन से जैसलमेर में पार्टी के कार्यकर्ताओं को मान सम्मान के साथ पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान होगी।

## बिलाड़ा में राष्ट्रीय सम्मान समारोह एवं विशाल भजन संध्या 4 दिसंबर को

**पुष्पाजंली टुडे**

**बिलाड़ा।** नगर पालिका क्षेत्र के सीरवी मोती सिंह स्टेडियम में 4 दिसंबर को राष्ट्रीय सम्मान समारोह एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। जोधपुर में दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों के सेवा हितार्थ संचालित सत्य प्रेम करुणा सेवा संस्थान जोधपुर द्वारा विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 सामाजिक कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय पुरस्कार ÷इंडियन स्टार अवॉर्ड 2021÷ से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह 4 दिसम्बर को शाम 7 बजे से 9 बजे तक रखा जाएगा, उसके बाद में तेजाजी महाराज का एक भजन गाकर पूरे हिन्दुस्तान मैं अपनी पहचान बनाने वाली भीलवाड़ा की सुप्रसिद्ध बाल कलाकार आकृति मिश्रा द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। सत्य प्रेम करुणा सेवा संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष हुकमाराम भाटी ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत के अलग-अलग राज्यो से सामाजिक कार्यकर्ताओ एवं कलाकारों का आगमन होगा। भजन संध्या का आयोजन जोधपुर में संचालित सत्य प्रेम करुणा सेवा संस्थान जोधपुर के दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों के सहयोग हेतु करवाया जा रहा है।

# सभी संकटों से उबारती हैं अखण्ड रामायण पाठ मानस की ये चौपाइयां...केशब पंडित जी

**राधा तोमर रिपोर्टर अम्बाह...**



**अम्बाह...** खॉद के पुरा तुतबास मे आज अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन श्री सतैन्द्र तोमर के यहॉ प्रपौत्र रत्न प्राप्ति अबसर पर आयोजन किया जा रहा भुमियॉ बाबा की अखण्ड कृपासे बाचन होरहा है जिसमे केशब पंडित जी पत्रकार ने कहा मानस की इन चौपाई बहुत ही लाभ प्राप्त होते है प्रभु श्री राम के नाम का मंत्र जपने से जीवन से जुड़े सभी दुःख-दर्द दूर हो जाते हैं. गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्री रामचरितमानस की किस चौपाई का पाठ करने पर कौन सी मनोकामना पूरी होती है, सभी संकटों से उबारती हैं मानस की ये चौपाइयां, अपनी मनोकामना के अनुसार करें पाठ मनोकामना के अनुसार पढ़ें रामायण की चौपाईयां सनातन परंपरा में प्रभु श्री राम की भक्ति सभी दुःखों को दूर करने वाली है. प्रभु श्री राम का गुणगान करने पर न सिर्फ मर्यादा पुरुषोत्तम राम का आशीर्वाद ?मिलता है, बल्कि उनके सेवक श्री हनुमान जी की कृपा भी बरसती है. प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र का गुणगान करने वाली श्री रामचरितमानस प्रत्येक हिंदू घर में होती है. इस पवित्र पुस्तक में कई ऐसे महामंत्र और चमत्कारी चौपाइयां हैं, जिनका पाठ करने से व्यक्ति के सभी दुःख दूर होते हैं और उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. मान्यता है कि जिस घर में प्रतिदिन मानस की चौपाइयों का पाठ होता है, उसके यहां कभी किसी चीज की कोई कमी नहीं होती है. आइए जानते हैं कि मानस की किस चौपाई से कौन सी मनोकामना पूरी होती है. लक्ष्मी प्राप्ति के लिए यदि आपको माता लक्ष्मी की कृपा पानी है तो आपको प्रतिदिन प्रातःकाल स्नान-ध्यान के बाद श्री रामचरितमानस की इस चौपाई का पाठ पूरी श्रद्धा के साथ करना चाहिए. जिमि सरिता सागर महुं जाहीं। जद्यपि ताहि कामना नाहीं।। तिमि सुख-संपत्ति बिनहीं बुलाएं। धरमशील यहि जाहिं सुभाएं।। संपत्ति प्राप्ति के लिए यदि आपको अपनी संपत्ति की प्राप्ति में तमाम तरह की अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है तो उसे दूर करने के लिए आपको रामचरितमानस की इस चौपाई का प्रतिदिन पाठ करना चाहिए. जे सकाम नर सुनहिं जे गावहिं। सुख संपत्ति नाना विधि पावहिं।। सुर दुर्लभ सुख करि जग माहीं। अंतकाल रघुपति पुर पाहीं।। कोर्ट-कचहरी में मुकदमा जीतने के लिए यदि आप कोर्ट-कचहरी में किसी मुकदमे में विजय की प्राप्ति चाहते हैं तो आपको श्री रामचरितमानस की इस चौपाई का पाठ प्रतिदिन पूजा में जरूर करना चाहिए. पवन तनय बल पवन समाना। जनकसुता रघुवीर विबाहु।। विद्या प्राप्ति के लिए यदि आपको अपने नौनिहाल की पढ़ाई की हर समय चिंता सताती है तो आप रामायण की इस चौपाई का पाठ प्रतिदिन पूजा के दौरान उससे करवाएं. गुरु गृह गए पढ़न रघुराई। अल्पकाल सब विद्या पाई।। दरिद्रता दूर करने के लिए यदि आप तमाम तरह के प्रयासों के बावजूद अपने घर की गरीबी को दूर नहीं कर पा रहे हैं तो भगवान राम की कृपा से दरिद्रता को दूर करने के लिए इस चौपाई का पाठ करें. अतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के। कामद धन दारिद दवारि के।। रोजी-रोजगार के लिए यदि आप लंबे समय से बेरोजगार चल रहे हैं और आपको तमाम प्रयास के बाद भी कोई रोजगार नहीं मिल रहा है तो आपको श्रीरामचरित मानस की यह चौपाई प्रतिदिन जपनी चाहिए. बिस्व भरन पोषन कर जोई। ताकर नाम भरत अस होई।।



### अब सिर्फ 33 फीसद की दोनों डोज बाकी

# प्रदेश में 16 लाख लोगों ने लगवाया जिंदगी का टीका

**भोपाल।** कोरोना टीकाकरण महाअभियान में बुधवार को प्रदेश में 16 लाख 35 हजार लोगों को टीका लगाया गया है। इसमें करीब 95 फीसद दूसरी डोज लगवाने वाले थे। इसके साथ ही प्रदेश में अब 18 साल से ऊपर की आबादी में 67 फीसद को टीका की दोनों डोज लग चुकी हैं। बाकी 33 फीसद को 26 दिसंबर के पहले टीका लगाने का लक्ष्य है। पहली डोज 93 फीसद लोगों को लग चुकी है।

सर्वाधिक लोगों को पहली डोज लगाने के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले नंबर पर है। बुधवार को कोरोना टीकाकरण के लिए प्रदेश में कुल 12,160 केंद्र बनाए गए थे। इनमें मोबाइल टीम भी शामिल रहीं। गौरतलब है कि प्रदेश में 18 साल से ऊपर के 5 करोड़ 49 लाख लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जाना है। जो लोग खुद टीका लगवाने के लिए नहीं आ रहे हैं, उन्हें दस्तक अभियान के तहत उनके घर-घर जाकर टीका लगाया जा रहा है। यही वजह है कि बिना अभियान वाले दिनों में भी प्रदेश में पांच लाख से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हो रहा है।

उधर, राजधानी भोपाल में बुधवार को टीकाकरण महा-अभियान के तहत 80 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य था, लेकिन 58,489 लोग ही टीका लगवाने के लिए आए। लक्ष्य के मुकाबले में जिले में पहली डोज सभी को लग चुकी है, जबकि दूसरी डोज 82 फीसद को ही लगी है। करीब साढ़े तीन लाख लोगों की दूसरी डोज बाकी है।

# संविधान गौरव दिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा कार्यक्रम संपन्न

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।** भारतीय संविधान सभा के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान गौरव दिवस के तहत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत लाल सिंह आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश एवं मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव के मार्गदर्शन में संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम बीटीआई रोड वार्ड नं 11 में आयोजित हुआ जिसमे प्रमुख रूप से जिला सह संयोजक भानु प्रताप जयंत, कार्यक्रम संयोजक सुनील कौशल पार्षद कार्यक्रम सह-संयोजक रामू खटीक पार्षद,आनंद शाक्य,पवन खटीक जितेंद्र राकेश खटीक,मोहित खटीक,धर्म पचौरी सम्मानित छात्र मानसी रत्नाकर दुष्यंत वामोते अभय भिलवारे अंशु भिलवारे अंशु खटीक आदि उपस्थित रहे द्य



संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम चंदनपुरा वार्ड 39 भिंड मै आयोजित किया गया 7 कार्यक्रम मै जिला सह संयोजक भानु प्रताप जयंत,उपेंद्र सर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र बंटी सिंह जयंत,जोनी गर्ग,अतुल धाकरे,रिजवान खान, नीरज कुशवाह,हरिओम कुशवाह, मनीष वर्मा ,ऋषि बघेल आदि छात्र उपस्थित रहे ।

## कोरोना से मौत पर परिजनों को भरने होंगे अलग-अलग फॉर्म

**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने कोरोना से हुई मौत पर परिवार को 50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा पहले ही कर दी थी।पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद लेने के लिए दो अलग-अलग फॉर्म भरने होंगे. जिनके पास कोरोना से मृत्यु का प्रमाण पत्र है यानी जांच रिपोर्ट है वो अलग फॉर्म भरेंगे और जिनके पास जांच रिपोर्ट और मौत का कारण नहीं है उन्हें अलग फॉर्म भरना होगा। जानकारी के मुताबिक, उनके फॉर्म पर कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी पहले विचार करेगी. तथ्यों से संतुष्ट होने के बाद वह प्रमाण पत्र देगी।

**आरटीओ का वीडियो वायरल**

# ऑटो वाले से कहा- गाड़ी में गांजा रख दूंगा और भिजवा दूंगा जेल

***जबलपुर।*** जबलपुर के आरटीओ संतोष पॉल का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. इस वीडियो में संतोष पॉल अपने ऑफिस के बाहर चेयर पर धूप में बैठे हैं। इसी दौरान एक युवक उनके पास पहुंचता है, जिसे देखते ही वे उसे धमकाने लगते हैं. वीडियो में स्पष्ट सुनाई दे रहा है कि पॉल पुलिस का उदाहरण देते हैं- जिस तरह पुलिस किसी अपराधी को फंसाने के लिए चाकू खरीद कर उसके जेब में रख देती है, वैसे ही मैं 100 ग्राम गांजा तुम्हारी गाड़ी में रखवा दूंगा और तुम्हें जेल भिजवा दूंगा।



वीडियो के संबंध में बताया जा रहा है कि एक ऑटो चालक अपनी गाड़ी के परमिट और अन्य दस्तावेज दुरुस्त कराने के लिए आरटीओ के पास पहुंचा था. ऑटो चालक लापरवाह है और उसे कई बार पहले भी आरटीओ द्वारा समझाइश दी गई थी. लेकिन, वह नियमों का पालन नहीं करता था. इसीलिए आरटीओ ने उसे धमकी दी. पॉल ने अपनी बातों में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा दिया है. उनकी बातों से ऐसा लग रहा है जैसे पुलिस लोगों को बेवजह फंसाने के लिए उनके जेब में चाकू या अन्य प्रतिबंधित चीजें रख देती है।

इस वीडियो ने सरकारी तंत्र के भ्रष्ट अफसरों की कलई खोलकर रख दी है। इस वीडियो में अफसर अपने ऑफिस के बाहर चेयर पर धूप में बैठे हैं. इसी दौरान एक युवक उनके पास पहुंचता है, जिसे देखते ही वे उसे धमकाने लगते हैं।

### 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व मनाने की तैयारियां शुरू

# सादगी से मनेगा ईसाई समुदाय का पर्व क्रिसमस

**भोपाल।** शहर में ईसाई समुदाय का पर्व क्रिसमस इस साल सादगी से मनाया जाएगा। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण इस बार ज्यादा सावधानी बरती जाएगी।राजधानी के ईसाई समुदाय ने 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व मनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुछ दिन पहले तक कोरोना संक्रमण का प्रकोप काफी कम हो गया था और शासन ने भी तमाम प्रतिबंधों में ढील दे दी थी। ऐसे में शहर के प्रमुख गिरजाघरों में बड़े कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां शुरू हो गई थी, लेकिन अब ईसाई समाज के लोगों ने सादगी से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभी से केक के आर्डर, नए-नए कपड़े, गिरजाघर व घरों की सजावट का कार्य परंपरागत तरीके से शुरू हो गए हैं। कोविड के मरीज बढ़ने से अब कोरोना गाइडलाइन का पालन करने पर ईसाई समाज ने जोर देना शुरू कर दिया है। क्रिसमस पर्व गिरजाघरों में पूरी सादगी एवं शारीरिक दूरी का ध्यान रखते हुए मनाया जाएगा। एहतियात बरतने के लिए सभी ईसाई समुदाय परिवार अपने अपने घरों में रिश्तेदारों मित्रों और परिवार के साथ पूर्ण सादगी के साथ क्रिसमस पर्व मनाने का निर्णय ले चुके हैं। यदि 25 दिसंबर से पहले कोरोना कम हुआ तो सार्वजनिक बड़े कार्यक्रम भी किए जा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक

# 1547 करोड़ से 6 चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण को मंजूरी

**भोपाल। ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में 1547 करोड़ 45 लाख रूपये से 6 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य की मंजूरी दी। इसमें मण्डला, सिंगरौली, श्योपुर, राजगढ़, नीमच तथा मंदसौर में नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिये क्रमशः राशि रुपये 249.63 करोड़, 258.07 करोड़, 256.83 करोड़, 256.55 करोड़, 255.78 करोड़ तथा 270.59 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

**सीमेट स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित होगा:** मंत्रि-परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि मध्यप्रदेश राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) को वर्तमान में प्रशासन अकादमी से पृथक कर एक स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित किया जाएगा। सीमेट की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक योजना एवं शैक्षणिक प्रबंधकीय क्षमता का विकास तथा इसके विकेन्द्रीकरण के संबंध में उचित प्रक्रिया का निर्धारण एवं विकास करना है। इसके लिये व्यावसायिक दक्षता के विकास, शैक्षिक प्रबंधन में पाठ्यक्रमों का संचालन, शिक्षा से जुड़े अधिकारियों की क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण वातावरण के निर्माण में सहयोग करना शामिल है। सीमेट में स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्कूल प्रबंधन से जुड़े जनजाति कार्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग तथा श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

**शेयर्स बायबेक प्रस्ताव:** वर्तमान में मॉयल लिमिटेड के एक करोड़ 28 लाख 13 हजार 840 शेयर्स हैं, जो कि मॉयल लिमिटेड की अंश पूंजी का 5.40 प्रतिशत है। मॉयल लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत बॉयबेक प्रस्ताव में बॉयबेक शेयर्स की दर आकर्षक होने के कारण, मॉयल लिमिटेड को 25 लाख शेयर्स तक बॉयबेक किये जाने का प्रस्ताव राज्य शासन द्वारा दिया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा मॉयल लिमिटेड द्वारा किये जा रहे शेयर्स बॉयबेक में हिस्सा लिये जाने से शासन को रूपये 37 करोड़ 46 लाख से 51 करोड़ 25 लाख रुपये तक का राजस्व प्राप्त होना संभावित है।

### मध्यप्रदेश वित्त निगम को 90 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता

सिडबी को एक मुश्त समझौता राशि 90 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिये मध्यप्रदेश वित्त निगम को 90 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता लघु अवधि ऋण के रूप में स्वीकृत की जायेगी। इस पर वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर से ब्याज अधिरोपित किया जायेगा। मध्यप्रदेश वित्त निगम के इंदौर में नव-निर्मित व्यवसायिक कार्यालय परिसर का विक्रय लोक परिसम्पति प्रबंधन विभाग के माध्यम से किया जाएगा। परिसर के विक्रय से प्राप्त होने वाली राशि से विक्रय प्रक्रिया में किये गये व्यय शुल्क लीज आदि के समायोजन के बाद उपलब्ध राशि से राज्य शासन द्वारा स्वीकृत लघु अवधि ऋण का ब्याज सहित एक मुश्त भुगतान किया जायेगा।

# दोरनडी के गोपुत्र प्रकाश राठौड़ नेशनल अवार्ड से सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे**

**सोजत ः-** बॉम्बे ब्लड ग्रुप ऑर्गेनायझर, महाराष्ट्र द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।सोजत ग्राम दोरनडी सोजत के गोपुत्र रक्तवीर प्रकाश राठौड़ को रक्तदाता के रूप में अपनी बेहतरीन सेवाएं देने व हिन्दुस्तान भर में रक्त उपलब्ध करवाकर मरीजों की जान बचाने और शीघ्र सहायता पहुंचाने रक्तदान के प्रति जागरूकता , कोरोना काल में रक्त की कमी को पूरा करना , थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के लिए युवा पीढ़ी को अवगत कराना जैसे सराहनीय कार्य को देखते हुए पूरे भारत में अपनी विशेष पहचान बना चुकी संस्था बॉम्बे ब्लड ग्रुप ऑर्गेनायझर, महाराष्ट्र, ओ.एच.एच. रेयर ब्लड ग्रुप असोसिएशन महाराष्ट्र के द्वारा महाराष्ट्र के सांगली में आयोजित बॉम्बे ब्लड ग्रुप 2021 नेशनल अवार्ड के भव्य समारोह में राठौड़ को नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है जिसके तहत साफा पहनाकर व सम्मान-पत्र प्रदान कर बहुमान किया गया। बॉम्बे ब्लड ऑर्गनाइजेशन इंडिया संस्था सामाजिक , शैक्षणिक , खेल , स्वास्थ , सांस्कृतिक के साथ ही अन्य क्षेत्रों में पिछले 21 वर्षो से काम कर रहा है इस संस्थान की ओर से भारत के प्रत्येक राज्य के सामाजिक एवं विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे संस्थाओं को बॉम्बे ब्लड ग्रुप नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके लिए राठौड़ को देश भर के रक्तवीरों ने बधाई और शुभकामनाएं पेश की है।



# पुराने विवाद के चलते जिम संचालक की नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर की हत्या



ग्वालियर। बहोड़ापर स्थित आनंद नगर में जब जिम संचालक सुबह जब टहलने के लिए अपने घर से निकले तभी घर से थोड़ी दूर पहुंचते ही एक नकाबपोश ने पीछे से आकर उन्हें गोली मारी और एक नकाबपोश बदमाश ने आगे से गोली मारी। जब जिम संचालक गोली लगने के बाद जमीन पर गिर गया तो आरोपित पहले तो भागे, लेकिन बाद में एक आरोपित फिर से उसके पास आया और अपनी तसल्ली के लिए दो तीन गोलियां और जिम संचालक के शरीर में उतार दी। इसके बाद दोनों आरोपित पार्क की तरफ भाग गए। जब नकाबपोश जिम संचालक को गोली मार रहे थे तो पास में ही युवती भी अपने डोगी को घुमा रही थी। जिम संचालक को गोलियां मारते देख युवती भी भयभीत होकर डोगी को लेकर भाग गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंद नगर में मुस्कान गार्डन के पास निवासी पप्पू उर्फ रामकुमार राय (52वर्ष) पुत्र बाबूलाल राय का प्रॉपर्टी कारोबार के साथ घर के पास ही जिम है। जिम का संचालन कर्मचारियों के माध्यम से करते हैं। प्रतिदिन सुबह जिम खुलवार घर के 50 मीटर की दायरे में टहलते थे। गुरुवार की सुबह जिम खुलवाने के बाद घर से बाहर रोज की तरह टहल रहे थे।

### विवाद के चलते पहले भी हो चुकी है फायरिंग

जिम संचालक की हत्या के पीछे प्रापर्टी का विवाद बताया जा रहा है। पप्पू राय का प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। पहले भी उन पर फायरिंग हो चुकी थी। लेकिन उस समय वह बच गए थे। लेकिन गुरुवार सुबह आरोपितों ने मौका लगाकर पप्पू पर फायरिंग कर दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### क्षेत्र में फैली सनसनी

हत्या के बाद आनंद नंगर में सनसनी फेल गई। लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी है। लेकिन पुलिस ने घटना को लेकर अभी तक कुछ नहीं कहा है और चुप्पी साधे हुए है।

### मृतक के दो बटे हैं

ताबड़तोड़ फायरिंग कर की हत्या- पप्पू राय पर घर के बाहर ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। बदमाशों ने मौके पर छह के लगभग पिस्टल से गोलियं चलाई हैं। मौके पर ही पप्पू राय की मौते पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही बहोड़ापुर थाना प्रभारी अमर सिंह सिकरवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने शव को अपनी निगरानी में डाक्टरी परीक्षण के लिए डेड हाउस पहुंचा दिया।

### 10 बजे आता है निजी गार्ड

मृतक के बड़े भाई ने पप्पू की किसी से रंजिश होने से इंकार किया है, लेकिन पप्पू को भी इस बात का आभास था कि दुश्मन उसकी हत्या कर सकते हैं। इसलिए वह निजी गार्ड साथ लेकर चलता था। रात को घर आने के बाद पप्पू राय कहीं नहीं जाते थे। इसलिए सुबह 10 बजे गार्ड को बुलाते थे। उनके पास दो लाइसेंसी हथियार भी बताए गए हैं। सुबह उनके पास लाइसेंस हथियार भी नहीं रहता था और न ही गार्ड उनके साथ रहता है। इसलिए बदमाशों ने सुबह का वक्त हत्या करने के लिए चुना। पुलिस को आशंका है कि हत्यारे तड़के से ही मृतक के घर के पास घात लगाकर खड़े हो गए थे। पप्पू के टहलने के लिए घर से बाहर निकलते ही गोलियों से भूनकर हत्या कर दी।



## संक्षिप्त समाचार

### विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रतियोगिताओं का आयोजन

ग्वालियर । सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग ग्वालियर द्वारा 3 दिसम्बर को एलएनआईपीई परिसर ग्वालियर में विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के दिव्यांग बालक-बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगितायें व सामर्थ्य प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा।

### रंग अमीर राष्ट्रीय ललित कला प्रदर्शनी के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित

ग्वालियर । उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा रंग अमीर राष्ट्रीय ललित कला प्रदर्शनी 2022 के लिये ललित कला विधा से जु? कलाकरों से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गयी हैं। इंदौर में यह प्रदर्शनी 21 से 25 जनवरी 2022 के बीच आयोजित की जाएगी, जिसमें देश भर से 21 वर्ष से अधिक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। कलाकार चित्रकला, मूर्तिकला, ड्रॉइंग, इंस्टॉलेशन, ग्राफिक्स आदि श्रेणी में अपनी प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं। प्रत्येक कलाकार अधिकतम 3 बाय 3 फीट तक की 2 कलाकृतियाँ जमा कर सकते हैं। राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में भाग लेने के इच्छुक कलाकार प्रविष्टि-पत्र के साथ अपनी 2 कलाकृतियाँ शासकीय ललित कला संस्थान इंदौर में 7 जनवरी 2022 तक जमा कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत राष्ट्रीय ज्यूरी द्वारा कलाकृतियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक कलाकार शासकीय ललित कला संस्थान इंदौर और उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के फेसबुक पेज से प्रविष्टि प्राप्त कर सकते हैं।

### मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित

ग्वालियर। उस्ताद अलाउद्दीन संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी 2022 के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई हैं। पुरस्कार प्रदर्शनी में भाग लेने के लिये कलाकार को मध्यप्रदेश का निवासी होना या मध्यप्रदेश में सृजन के क्षेत्र में सक्रियतापूर्वक 10 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। प्रत्येक पुरस्कार के लिये 51 हजार रूपये सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। प्रदर्शनी में 25 से 55 वर्ष तक की आयु वर्ग के कलाकार भाग ले सकेंगे। पुरस्कार प्रदर्शनी में आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2022 है। इच्छुक कलाकार आवेदन के लिये प्रविष्टि-पत्र अकादमी के फेसबुक पेज से प्राप्त कर सकते हैं। पुरस्कार प्रदर्शनी में विशेष रूप से प्रदेश के ललित कलाओं के प्रसिद्ध कलाकारों के नाम से 10 पुरस्कारों का सृजन किया गया है। पुरस्कारों का चयन अकादमी द्वारा मनोनीत किये गये निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी के लिये सभी ललित कला के माध्यम में कलाकृतियों को स्वीकार किया जाएगा।

### जिले में पशुपालन गतिविधियों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड कैम्पेन जारी

ग्वालियर। पशुपालन, डेयरी व मत्स्य विभाग, दुग्ध संघ एवं बैंकों के समन्वय से पशुपालन गतिविधियों के लिये किसान क्रेडिट कार्ड कैम्पेन का आयोजन जिला स्तर पर हर शुक्रवार को उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी कार्यालय में किया जा रहा है। आगामी तीन माह तक लगातार यह शिविर आयोजित किए जायेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें पशुपालन से संबंधित गतिविधियों को जो?कर आय में वृद्धि करना है। जिले के दुग्ध उत्पादक किसान पशुपालकों को मार्केटिंग, पशुचारा, पशु आहार, पशुओं का रख-रखाव एवं अन्य संसाधनों पर व्यय की पूर्ति करने के लिये पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न बैंकों के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए जाते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड में प्राप्त ऋण की राशि से पशुपालक अपने पशुधन का प्रबंधन अच्छी तरह से कर सकेंगे। जिससे पशुपालक अपनी आय पाँच वर्ष में दोगुनी कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना में दुधारू गाय पर 15 हजार रूपए एवं दुधारू भैंस पर 18 हजार रूपए के मान से अधिकतम एक लाख 60 हजार रूपए बिना गारंटी के क्रेडिट कार्ड पर दुग्ध उत्पादक किसान पशुपालकों को दिए जायेंगे। भू-स्वामी होने की वजह से जिन किसानों के पास पूर्व से ही किसान क्रेडिट कार्ड हैं, वे अपने कार्ड पर प्रदाय राशि की लिमिट बढ़वा सकते हैं। साथ ही भूमिहीन पशुपालक भी किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर योजना का लाभ ले सकते हैं। पशुपालन विभाग की निकटतम पशु चिकित्सा संस्था से संपर्क कर किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन प्राप्त किए जा सकते हैं। पशुपालक द्वारा पूर्णतः भरा हुआ आवेदन निकटतम पशु चिकित्सा संस्था पर जमा किया जाना है।

### फोटो निर्वाचक नामावली में दावे/आपत्तियाँ 5 दिसम्बर तक लिए जायेंगे

ग्वालियर। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश श्री राजेश कुमार कौल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में दावे-आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि 5 दिसम्बर, 2021 तक बढ़ाई गई है। तिथि में वृद्धि का उद्देश्य सभी पात्र व्यक्तियों को दावे और आपत्तियाँ दाखिल करने के लिये और समय उपलब्ध कराना है। आयोग ने पहले यह तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की थी। इस अवधि में ऐसे पात्र मतदाता, जिनकी आयु एक जनवरी, 2022 को अथवा उससे पूर्व 18 वर्ष पूर्ण हो गई है और मतदाता-सूची में उनके नाम दर्ज होने से शेष हैं, तो संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा उनके घर जाकर सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। एक जनवरी, 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिक अपना नाम मतदाता-सूची में जोड़ने के लिये पात्र होंगे। इसके लिये इन्हें बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से सम्पर्क करना चाहिए।

## डेंगू नियंत्रण, कोरोना टीकाकरण, स्वच्छता रणनीति और ऊर्जा बचत कार्यक्रमों में मीडिया प्रतिनिधिगणों से मांगा सहयोग

### कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने की चर्चा

ग्वालियर। डेंगू एवं मलेरिया नियंत्रण, कोरोना टीकाकरण महाअभियान, ग्वालियर शहर की स्वच्छता को लेकर बनाई जा रही रणनीति, ऊर्जा बचत और संजीवनी क्लीनिकों को लेकर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में मीडिया प्रतिनिधिगणों से चर्चा की। साथ ही इन सभी कार्यक्रमों को जन आंदोलन बनाने में सहयोग देने के लिये मीडिया प्रतिनिधियों का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जेएएच समूह के अधीक्षक डॉ. आर के एस धाक?, अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा मौजूद थे।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। अनावश्यक रूप से जमा पानी की निकासी, फॉगिंग और घर-घर संपर्क कर लोगों को अपनी टंकियां इत्यादि साफ करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही अस्पतालों में डेंगू के इलाज के पुख्ता प्रबंध कराए गए हैं। इसके फलस्वरूप अब डेंगू का प्रसार नियंत्रण में आ गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि नवम्बर माह के पहले हफ्ते में 230, दूसरे हफ्ते में 295, तीसरे हफ्ते में 247 व चौथे हफ्ते में 168 मरीज सामने आए थे। इसके बाद 27 नवम्बर से एक दिसम्बर तक 59 डेंगू मरीज मिले हैं। इससे जाहिर होता है कि डेंगू अब नियंत्रण में है। प्रतिदिन रिपोर्ट होने वाले डेंगू मरीजों की संख्या अब इकाई में आ गई है।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों से यह भी आग्रह किया कि कोरोना की तीसरी लहर की आहट सुनाई दे रही है। इसलिए सभी का पूर्ण टीकाकरण जरूरी है। इस काम में मीडिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया प्रतिनिधिगण शेष लोगों को टीका लगवाने के लिये बेहतर ढंग से प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग ढाई लाख लोगों के द्वितीय डोज के टीके लगवाने की बारी आ गई है। कोरोना की तीसरी संभावित लहर को रोकने के लिये इन सभी को टीके लगना नितांत जरूरी है।

## बड़े भाई ने छोटे भाई और बहन को गोली मारी, दोनों की हालत गंभीर

### पिता की हत्या का बदला लेने की थी आरोपित ने चाचा की हत्या और 18 साल रहा था जेल में

ग्वालियर। मुरार थाना क्षेत्र के नदी पार टाल क्षेत्र में एक युवक ने गुरुवार शाम को अपने छोटे भाई व बहन को गोली मार दी। बहन को तीन गोलियां लगी है। दोनों भाई बहन को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली मारने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। गोली मारने के पीछे प्रापर्टी का विवाद बताया जाता है। आरोपित के बारे मे बताया जाता है कि उसके पिता की हत्या चाचा ने कर दी दी। बदला लेने के लिए उसने चाचा की हत्या कर दी थी और 18 साल जेल में भी रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपित की तलाश कर रही है।



घटनाक्रम के मुताबिक नदी पार टाल इलाके में सोनू शर्मा अपने छोटे भाई 22 वर्षीय रवि शर्मा व 26 वर्षीय बहन पूनम शर्मा के साथ रहता है। गुरुवार शाम को घर में किसी तरह का विवाद हुआ और सोनू ने रवि व पूनम को गोली मार दी। गोली लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पूनम के पेट में गोली लगी है। गोली मारने के बाद आरोपित मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### तो प्रापर्टी को लेकर हुआ विवाद

सोनू के घर के आसपास के लोगों का कहना है कि झगड़ा संभवतः प्रापर्टी के विवाद को लेकर हुआ है। पुलिस भी जब मौके पर पहुंची तो घर में 15 कप रखे थे। जिन्हें देखकर लग रहा था कि हाल ही में उनमें चाय पी गई है। साथ ही कोई पंचायत भी घर में हुई है। इसके बाद संभवत विवाद हुआ और सोनू ने गोली मार दी।

### चाचा की हत्या के आरोप में रहा 18 साल जेल में

सोनू के घर के पास में रहने वाले लोगों ने बताया कि प्रापर्टी के विवाद को लेकर सोनू के पिता की हत्या उसके चाचा ने कर दी थी। इसके बाद सोनू ने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए चाचा की हत्या कर दी थी। 18 साल जेल मे रहने के बाद करीब चार साल बाद वह जेल से बाहर आया था और तब उसकी शादी हुई थी और उसके एक बेटी भी है।




## बिजली बचत को अपनी आदत बनायें : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

ग्वालियर । ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि बिजली की बचत को अपनी आदत बनाएँ। कमरे से बाहर निकलते ही लाइट बंद करना नहीं भूलें। उपयोग में नहीं होने पर टीवी, कम्प्यूटर आदि अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों की विद्युत आपूर्ति, बोर्ड में लगे स्विच को बंद कर रोकें। श्री तोमर ने कहा है कि आपके द्वारा की जाने वाली बिजली की थो?ी-थो?ी बचत अन्य जरूरी कार्यो में उपयोग हो सकेगी। मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि प्रदेश में 25 नवम्बर से शुरू किया गया ऊर्जा साक्षरता %%उषा%% अभियान अपनी तरह का एक अनूठा अभियान है। इसके माध्यम से स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों एवं जन-साधारण को ऊर्जा बचत के बारे में जानकारी दी जायेगी। आम-जनों को ऊर्जा के उपयोग के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभों के बारे में बताया जायेगा।

## शतप्रतिशत टीकाकरण ही सर्वोच्च प्राथमिकता है: प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

### सब मिलकर करें प्रयास ताकि तीसरी लहर आए ही नहीं

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों को किया संबोधित



ग्वालियर। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर एवं हरदा जिले की क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों से कहा है कि शतप्रतिशत लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सब मिलकर करें प्रयास ताकि कोविड की तीसरी लहर आ ही न पाए। मंत्री श्री सिलावट ने गुरूवार को इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्वालियर एवं हरदा जिले के क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए यह बात कही। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि पिछले दिनों भोपाल, इंदौर और जबलपुर में लगातार कोरोना पॉजिटिव केस आ रहे हैं। कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अलग-अलग लोकेशन पर मरीज मिले हैं। यह हमें आगाह करने के लिए काफी है। कोरोना टेस्ट हम लगातार कर रहे हैं। जो लक्षण दिखाई दे रहे हैं वह आने वाले संकट की आहट हैं। जरूरी है कि हम प्राण-प्रण से पूरी सावधानी रखें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण और टीकाकरण की वर्तमान स्थिति और नए वेरिएंट के प्रसार के संबंध में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को मालूम होना जरूरी है। मास्क लगवाने जनता के बीच जाएँ जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मैं मास्क लगाने के प्रति जन-जागरूकता के लिए निकलूँगा। आप भी मास्क लगाएँ और लोगों को मास्क लगाने का आग्रह करें। मास्क के फायदे ही फायदे हैं। इलाज की व्यवस्था हम करेंगे ही, ये उपाय अभी हम कर लेंगे तो संक्रमण ज्यादा नहीं फैलेगा।

### अस्पतालों में जाकर देखें व्यवस्थाएँ

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि कोरोना के नए वेरिएंट के बारे में सावधानी जरूरी है। सभी सावधानियाँ और व्यवस्थाएँ करने के मैंने निर्देश दिए हैं। संबंधित अधिकारी अस्पताल जाकर, देखेंगे कि वहाँ व्यवस्था कैसी है। मेरे लिए वैक्सीन के सेकंड डोज लगाने से बड़ा कोई काम नहीं है इसे हर हालत में पूरा करिए। बाकी सभी व्यवस्थाएँ करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अस्पतालों का निरीक्षण कर औषधियों की व्यवस्था, उपकरणों की उपलब्धता और ऑक्सीजन संयंत्रों के कार्यशील रहने की जानकारी प्राप्त करें।

### अनावश्यक भीड़ से बचें नागरिक

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि बच्चों की स्कूल में उपस्थिति संख्या 50 प्रतिशत की गयी है, क्योंकि उन्हें टीका नहीं लगा है। मैं प्रतिबंध लगवाना भी नहीं चाहता। शादी-विवाह और बाजार में आपत्ति नहीं है, लेकिन अनावश्यक भीड़ से बचें। संक्रमण का प्रसार न हो।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478